# हरिभूमि रायपुर भूमि

**इन नियमों के उल्लंघन पर लगेगा जुर्माना (रुपये में)**

- 500– अनधिकृत प्रवेश और रेल लाइन पार करने पर
- 2000 – रेलवे स्टेशन व ट्रेनों में अवैध वेंडिंग करने पर
- 2000– दिव्यांग और पेंट्रीकार बोगियों में यात्रा पर
- 2500– महिला बोगियों में यात्रा करने पर
- 2000– स्टेशन परिसर में धूम्रपान करने पर
- 1000– स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने पर
- 500– स्टेशन परिसर में अवैध पार्किंग पर
- 10,000– आपत्तिजनक व खतरनाक वस्तुओं पर




# रेलवे का बड़ा बदलाव, अब सिर्फ टीटीई नहीं आरपीएफ के पास भी टिकट जांच की ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जन विश्वास अधिनियम के तहत नियमों में संशोधन कर आरपीएफ को दिया नया अधिकार
- रेलवे बोर्ड के निर्देश पर दक्षिण पूर्व रेलवे में व्यवस्था लागू, आरपीएफ को मिली जुर्माना रसीद

रेलवे परिसर में अनधिकृत प्रवेश, बिना टिकट यात्रा, अवैध वेंडिंग, धूम्रपान और गंदगी फैलाने को लेकर बने कानूनों के उल्लंघन पर अब रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के इंस्पेक्टर (सहायक उपनिरीक्षक से ऊपर) सीधे जुर्माना लगा सकेंगे। अभी तक आरपीएफ का अधिकार मेमो भरकर केस बनाने व मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करने तक



सीमित था। रेल मंत्रालय ने 'जन विश्वास अधिनियम' के तहत नियमों में संशोधन कर आरपीएफ को नया अधिकार प्रदान किया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर विशेष परिस्थितियों में ट्रेन या परिसर में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति का टिकट चेक कर सकते हैं। यद्यपि सामान्य स्थिति में यह अधिकार टिकट जांच स्टाफ के पास ही रहेगा। रेलवे बोर्ड के निर्देश पर दक्षिण पूर्व रेलवे में यह व्यवस्था लागू कर दी गई है।

इधर

## न्यायिक प्रक्रिया पर अनावश्यक बोझ कम होगा

नियम का उल्लंघन करने वाले यात्री व उनके स्वजन कानूनी प्रक्रिया पूरी करने में परेशान हो जाते थे। नई व्यवस्था में कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मौके पर ही कार्रवाई होने से नियमों के पालन को और प्रभावी बनाया जा सकेगा। बदलाव का उद्देश्य छोटे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए न्यायिक प्रक्रिया पर अनावश्यक बोझ कम करना और रेलवे परिसरों में स्वच्छता व अनुशासन बनाए रखना है। नई व्यवस्था में रेल मंत्रालय ने रेलवे में लगने वाला न्यूनतम जुर्माना 250 को बढ़ाकर 500 रुपये कर दिया है।

## टीटीई को भी मिला जुर्माना लगाने का अधिकार

जन विश्वास अधिनियम के अंतर्गत टिकट चेकिंग स्टाफ (टीटीई) के अधिकार भी बढ़ा दिए हैं। वह यात्रियों का टिकट चेक करने के अलावा स्टेशन व ट्रेनों में अवैध वेंडरों, धूमपान व गंदगी फैलाने वाले यात्रियों के खिलाफ जुर्माना लगा सकेंगे। रेलवे का कहना है कि जन विश्वास अधिनियम से स्टेशन व ट्रेनों में अवैध वेंडिंग पर अंकुश लगेगा। स्टेशन परिसर व ट्रेनों की साफ-सफाई बेहतर होगी।

**खबर संक्षेप**

### एनडीपीएस के आरोपी को कैद के साथ जुर्माना

**रायपुर।** एनडीपीएस के प्रकरण में विशेष न्यायाधीश शैलेश शर्मा की एनडीपीएस कोर्ट ने एक आरोपी को चार वर्ष कैद के साथ 40 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। कोर्ट ने मो. रियाज खोखर उर्फ तेली को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। मुखबिर की सूचना पर कबीर नगर थाने की पुलिस ने उसे रिंगरोड क्रमांक-2 स्थित सोनडोंगरी नाला के पास घेराबंदी कर पकड़ा था। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 416 ग्राम चरस जब्त की गई थी।

### नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई



**रायपुर।** नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार रात एसीपी ट्रैफिक सतीश कुमार ठाकुर के नेतृत्व में यातायात पुलिस की टीम द्वारा शहर के 9 प्रमुख मार्गों, चौक-चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान आधुनिक ब्रीथ एनॉलॉइजर मशीनों की सहायता से वाहन चालकों की जांच की गई।

### जांच रिपोर्ट में 140 से ज्यादा पाई गई थीं बड़ी गड़बड़ियां

# मास्टर प्लान 2031 की जांच फाइल 2 साल से डंप, न गड़बड़ियां सुधरीं न लागू हो पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

राजधानी रायपुर में कांग्रेस शासनकाल में लागू हुए मास्टर प्लान 2031 में थोक में मिली गड़बड़ियों की जांच हुए लगभग दो साल हो चुके हैं। इन गड़बड़ियों को सुधार करके संशोधित मास्टर प्लान लागू किया जाना था, लेकिन जांच के बाद से फाइल शासन स्तर पर लंबित है। इसके कारण संशोधित मास्टर प्लान अब तक लागू नहीं हो पाया है। इधर संशोधित प्लान लागू नहीं होने के कारण शहर के विकास कार्य से लेकर प्रभावित लोगों के काम भी अटक रहे हैं, क्योंकि लागू मास्टर प्लान में कई क्षेत्रों का लैंड यूज ही बदल दिए गए हैं। इसमें कृषि भूमि को कहीं आवासीय-मिश्रित तो कहीं आवासीय को कृषि भूमि दर्शा दिए हैं। कहीं आबादी भूमि को जलाशय क्षेत्र तथा जलाशय भूमि पर बस्ती बसा दी गई है। इस तरह की बड़ी गड़बड़ियां होने से इन क्षेत्रों ▶▶|शेष पेज 13 पर


पूर्व सरकार के कार्यकाल में बनाया गया था मास्टर प्लान-2031
मास्टर प्लान-2031 अभी तक लागू नहीं, 1432 दावा-आपत्तियों में 150 से ज्यादा बड़ी गड़बड़ियां
डेढ़ साल से जांच रिपोर्ट तैयार, सुधारी नहीं जा सकी सभी गड़बड़ियां, इसलिए संशोधित मास्टर प्लान भी लागू नहीं
जांच रिपोर्ट में 140 से ज्यादा पाई गई थीं बड़ी गड़बड़ियां, इनमें कितनों का किया निराकरण, इसका खुलासा भी नहीं
मास्टर प्लान 2031 डंप, जांच हुए बीत गए 15 माह गड़बड़ियां सुधारने का दावा, पर लागू अब तक नहीं

### जांच रिपोर्ट का 3 से 4 बार प्रेजेंटेशन

कमेटी की जांच रिपोर्ट को शासन स्तर पर प्रेजेंटेशन भी हो चुका है। टाउन एंड कंट्री के अधिकारियों ने बताया कि मंत्री एवं उच्च अधिकारियों की मौजूदगी में जांच रिपोर्ट का लगभग 4 बार प्रेजेंटेशन हो चुका है। इसके आधार पर गड़बड़ियों का निराकरण करने के आदेश भी दिए गए, लेकिन अब तक कौन-कौन सी गड़बड़ियों का किस तरह से निराकरण हुआ है, इसका खुलासा अभी तक नहीं हुआ है।

### 1432 दावा-आपत्तियां

नये मास्टर प्लान के लागू होने से पहले कुल 1432 दावा-आपत्तियां आई भी थी। इन दावा-आपत्तियों में कितनी आपत्ति सही मिली, कितनों का निराकरण हुआ है, इसकी जानकारी अब तक सार्वजनिक नहीं हुई है।

### आदेश मिलने पर लागू होगा

मास्टर प्लान 2031 की गड़बड़ियों की जांच रिपोर्ट का शासन स्तर पर परीक्षण हो चुका है। आदेश मिलते ही संशोधित मास्टर प्लान को लागू करेंगे।
- **विनीत नायर**, संयुक्त संचालक, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग रायपुर

### 76 सड़कों में भी गड़बड़ी, घटा दी चौड़ाई

नए मास्टर प्लान में नई सड़कों के साथ पुरानी सड़कों की चौड़ाई में भी गड़बड़ी की गई हैं। इनमें जहां सड़क की चौड़ाई की जरूरत नहीं है, वहां स्वीकृति दे दी गई है। एक-दो नई सड़क को निजी मकान से निकालना बता दिया है, वहीं 28 से अधिक पुरानी सड़कें जिनकी चौड़ाई वर्ष 2021 के मास्टर प्लान में तय की गई थी, उनकी चौड़ाई ही घटा दी गई है। ये पुरानी सड़कें नए मास्टर प्लान में शामिल हैं।

### वर्ष 2023 में लागू हुआ मास्टर प्लान

तत्कालीन कांग्रेस शासन के कार्यकाल में वर्ष 2023 में मास्टर प्लान 2031 लागू हुआ है। इस प्लान के लागू होने से पहले ही लोगों ने थोक में दावा-आपत्तियां लगाई थीं। इन दावा-आपत्तियों की प्रशासन स्तर पर सुनवाई भी हुई थी, जिसके लिए कमेटी भी बनी थी, लेकिन कमेटी ने द्वारा खानापूर्ति करते हुए लोगों की दावा-आपत्तियों को दरकिनार करते हुए इस प्लान को लागू कर दिया था।

### समिति बनाकर गड़बड़ियों की कराई गई जांच

इधर विधानसभा चुनाव में तख्तापलट के बाद भाजपा सरकार की ओर से वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शिकायतों के आधार पर इसे संज्ञान में लिया और मास्टर प्लान 2031 में हुई गड़बड़ियों की जांच के लिए समिति बनाई। इस समिति ने 6 बिंदुओं पर जांच भी की, जिसमें लगभग छोटी-बड़ी मिलाकर लगभग 170 गड़बड़ियां मिलने का दावा किया गया। इन गड़बड़ियों को ठीक करने के लिए पहले दोबारा दावा-आपत्तियां मंगाए जाने की बात भी कही जा रही थी, लेकिन ऐसा नहीं कर बाद में समिति की जांच रिपोर्ट को शासन के समक्ष प्रस्तुत कर इसका निराकरण किए जाने का दावा अधिकारियों ने किया।

**पुलिस कमिश्नरेट की सर्जरी**

# पश्चिम के बाद दो और जोन को मिले नए डीसीपी

- वेस्ट में आईपीएस रॉबिंसन गुरिया के साथ ही राज्य पुलिस सेवा के तारकेश्वर पटेल, दीपमाला कश्यप को सेंट्रल तथा नार्थ की जिम्मेदारी
- अर्चना झा को प्रोटोकॉल के साथ ट्रैफिक की जिम्मेदारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यकुशलता को मजबूत करने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस विभाग में एक बड़ा फेरबदल किया गया है। गृह विभाग और पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय द्वारा संयुक्त रूप से जारी आदेश के तहत तीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों समेत चार थाना प्रभारियों के तबादले किए गए हैं। इस प्रशासनिक सर्जरी के जरिए तीन प्रमुख थानों की कमान नए अधिकारियों को सौंपी गई है।

गृह विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक पुलिस कमिश्नरेट में पदस्थ तीन वरिष्ठ अधिकारियों के विभागों और कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। रायपुर मध्य जोन में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त के चार्ज संभाल रहे तारकेश्वर पटेल को पदोन्नत कर रायपुर सेंट्रल डीसीपी का चार्ज दिया ▶▶|शेष पेज 13 पर

### चार टीआई के तबादले

- वरिष्ठ पुलिस अफसरों के फेरबदल के साथ ही स्थानीय स्तर पर पुलिस व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने प्रशासनिक आधार पर चार टीआई की नई पदस्थापना सूची जारी की है।
- सतीश सिंह गहरवार – इन्हें कोतवाली थाने के टीआई के साथ ही एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।
- राजेश कुमार सिंह – यातायात शाखा में तैनात टीआई राजेश कुमार सिंह को फील्ड ड्यूटी पर भेजते हुए आजाद चौक थाने की कमान सौंपी गई है।
- पारस राम पटेल – यातायात विभाग से हटाकर इन्हें सरस्वती नगर थाने का नया थाना प्रभारी बनाया गया है।
- नरेंद्र कुमार साहू – यातायात शाखा में कार्यरत नरेंद्र कुमार साहू को भी नई जिम्मेदारी देते हुए गुढ़ियारी थाने का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

## फैक्ट्री में ब्लास्ट से तीन मजदूरों की मौत, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने लिया स्वत : संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- एक सप्ताह पूर्व उरला के थीडी इनोवेशन फैक्ट्री में ब्लास्ट हुआ था

उरला इंडस्ट्रीयल एरिया में एक सप्ताह पूर्व थ्रीडी इनोवेशन फैक्ट्री में ब्लास्ट से तीन मजदूरों की मौत मामले में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। ब्लास्ट की जद में आने से तीन मजदूरों की मौत के साथ कई मजदूर घायल हुए थे। फैक्ट्री में हादसा ऑक्सीजन सिलेंडर फटने के कारण हुआ था। हादसे में जिन तीन मजदूरों की मौत हुई थी, उनमें दो मध्यप्रदेश, डिंडौरी के रहने वाले थे। एक अन्य मजदूर जांजगीर-चांपा जिला का रहने वाला था, जिसके नाबालिग होने की बात सामने आई थी। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने समाचार रिपोर्ट को आधार मानते हुए स्वतः संज्ञान लेते हुए जवाब मांगा है। आयोग द्वारा जारी बयान के अनुसार अगर समाचार रिपोर्ट की बातें सच हैं, तो ये मानवाधिकारों के उल्लंघन के गंभीर मुद्दे ▶▶|शेष पेज 13 पर

## गिरिजा इंडेन गैस एजेंसी का लाइसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- गैस सिलेंडरों की डिलीवरी में देर एवं उपभोक्ताओं से दुर्व्यवहार करने के मामले में हुई कार्रवाई

रायपुर जिले के आरंग में संचालित गिरिजा इंडेन गैस एजेंसी को ऑयल इंडियन कंपनी ने निलंबित कर दिया है। इस गैस एजेंसी के खिलाफ खाद्य विभाग को शिकायतें मिली थीं। इन शिकायतों के आधार पर विभाग ने एजेंसी के खिलाफ जांच कराई। जांच में शिकायतें सही मिलने पर विभाग ने एजेंसी का लाइसेंस निलंबन करने के लिए इंडियन ऑयल कंपनी को प्रस्ताव भेजा था, जिस पर तत्काल एक्शन लेते हुए कपंनी ने एजेंसी का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। एलपीजी की किल्लत के दौरान खरोरा रोड आरंग स्थित गिरिजा इंडेन गैस एजेंसी के संचालक द्वारा गैस सिलेंडरों की बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की डिलीवरी करने में जानबूझकर लापरवाही बरती जा रही थी। उपभोक्ताओं को नियमानुसार बुकिंग कराने के बाद भी 10 से 15 दिनों के बाद सिलेंडर की डिलीवरी ▶▶|शेष पेज 13 पर

**मौसम में सुधार होने की उम्मीद**

# छाए बादल बरस नहीं पाए उल्टे बढ़ी उमस ने कर डाला हलाकान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मौसम में सुधार होने की उम्मीद के बीच राजधानी में घने बादल छाए, मगर वे बरस नहीं पाए। बादलों की वजह से वातावरण में उमस की मात्रा काफी बढ़ गई और बेचैनी वाली गर्मी ने लोगों को हलाकान कर डाला। बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम में बदलाव होने के बाद प्रदेश में वर्षा का दायरा और गतिविधि बढ़ने की उम्मीद है। सोमवार को रायपुर के 35 डिग्री के टेंप्रेचर ने अन्य शहरों को पीछे छोड़ दिया। मानसून द्रोणिका के मणिपुर में होने और स्थानीय बादलों का भी ज्यादा असर नहीं होने की वजह से ब्रेक की स्थिति बनी हुई है। इसमें बदलाव होने की उम्मीद मौसम विभाग ने लगायी है। उत्तरी बंगाल की खाड़ी और उससे सटे दक्षिणी बांग्लादेश के ऊपर हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इसके आगे बढ़ने और सर्कुलेशन में बदलने की उम्मीद है। सोमवार को इसकी वजह से प्रदेश के उत्तरी इलाके और राजधानी के ऊपर काले बादल छा गए।

अब में 2 स्थानों पर एक साथ

सुराना भवन छोटापारा, रायपुर में एवं महादेव घाट रोड सुमीत बाजार के बाजू

सेल बाजार
Managed by Shubham K Mart Pvt. Ltd.

माइनर सेकण्ड्स एवं फ्रेश गारमेंट्स Sale

| | | |
|---|---|---|
| बाजार मूल्य ₹899 से ₹2599 प्रति पीस वाली<br>किड्स फ्रॉक 3 पीस ₹299 3 पीस<br>माईनर एवं एक्सपोर्ट सरप्लस | बाजार मूल्य ₹149 से ₹399 प्रति पीस वाली<br>किड्स गर्ल्स टॉप 5 पीस ₹299 5 पीस<br>माईनर एवं एक्सपोर्ट सरप्लस | बाजार मूल्य ₹65 से ₹100 प्रति पीस वाली<br>फैंसी प्रिंट पिलो कव्हर 4 पीस ₹99 4 पीस<br>माईनर एवं एक्सपोर्ट सरप्लस |
| बाजार मूल्य ₹799 से ₹1699 प्रति पीस वाली<br>मेन्स ब्रांडेड शर्ट 3 पीस ₹449 3 पीस<br>माईनर एवं एक्सपोर्ट सरप्लस | बाजार मूल्य ₹1599 से ₹2999 प्रति पीस वाली<br>फैंसी लॉंग ड्रेस ईवनिंग गाऊन ₹350 प्रति पीस<br>माईनर एवं एक्सपोर्ट सरप्लस | बाजार मूल्य ₹2599 से ₹10999 प्रति पीस वाली<br>मेन्स ब्लेजर शेरवानी इंडोवेस्टर्न ₹449 प्रति पीस<br>माईनर एवं एक्सपोर्ट सरप्लस |

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रीमियम क्वालिटी ब्रांडेड लेडिस टॉप ₹40 प्रति पीस<br>ऑफर मिनीमम 5 पीस लेने पर | गर्ल्स चूड़ीदार लेगिंग्स/प्लाजो एवं बॉटम ₹40 प्रति पीस<br>ऑफर मिनीमम 5 पीस लेने पर | गर्ल्स जीन्स ₹149 प्रति पीस | मेन्स टीशर्ट ₹60 प्रति पीस<br>ऑफर मिनीमम 5 पीस लेने पर |

साड़ियाँ, सलवार सूट, सूटपीस, रेडीमेड (हर उम्र के लिये) हैण्डलूम आयटम एवं गृह उपयोगी सामान अविश्वसनीय रेट ऑफर...

*condition apply

सुराना भवन, छोटापारा रोड • महादेव घाट रोड, सुमीत बाजार के बाजू, रायपुर

राजस्व मंत्री ने कहा

# छत्तीसगढ़ में 746 ग्राम का सर्वेक्षण नहीं

छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता के प्रावधानों के तहत गांवों के बंदोबस्त का मामला विधानसभा में उठा। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव के सवाल के जवाब में बताया कि प्रदेश में 746 ग्राम असर्वेक्षित हैं, जिनमें से 371 ग्राम में सर्वेक्षण प्रक्रियाधीन है। वहीं 375 ग्राम में सर्वेक्षण शुरू नहीं हुआ है।




विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव ने राजस्व मंत्री से पूछा कि छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता के प्रावधानों के तहत किसी भी गाँव का बंदोबस्त हर कितने साल में होना होता है? राज्य में ऐसे कितने गाँव हैं, जिनका बंदोबस्त राज्य गठन के बाद से अब तक नहीं हुआ है? ऐसे गाँवों का बंदोबस्त नहीं होने के लिए कौन जिम्मेदार है, और इन गाँवों के बंदोबस्त कब तक कर लिए जाएंगे? राजस्व मंत्री ने बताया कि सर्वेक्षण का कार्य चरणबद्ध रूप से स्वीकृत योजना, वित्तीय प्रावधान, तकनीकी संसाधन की उपलब्धता के आधार पर संपादित किया जाता है। अतः ऐसे गावों का सर्वेक्षण नहीं होने के लिये किसी को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता। शेष गांवों के सर्वेक्षण की समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

### 19805 ग्राम सर्वेक्षित

राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने अपने जवाब में कहा, छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता के प्रावधानों के तहत किसी भी गाँव का सर्वेक्षण एवं भू-राजस्व का निर्धारण सामान्यत 30 साल में होना होता है। राज्य में कुल 20551 राजस्व ग्राम हैं, जिसमें से 19805 ग्राम सर्वेक्षित है। 746 ग्राम असर्वेक्षित है, जिसमें से 371 ग्राम में सर्वेक्षण प्रक्रियाधीन है एवं 375 ग्राम में सर्वेक्षण शुरू नहीं हुआ है।

# प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था और नई शिक्षा नीति पर उठे सवाल मंत्री ने कहा- कॉलेजों की ग्रेडिंग के लिए टास्क फोर्स का गठन

## शहीद महेंद्र कर्मा विवि भर्ती की शिकायतों पर जांच पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था, बीएड-डीएड कॉलेज, राष्ट्रीय शिक्षा नीति और शिक्षा से जुड़े मुद्दे पर भाजपा विधायक लता उसेंडी और अजय चंद्राकर के सवालों का जवाब देते हुए राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने सरकार की स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा, राज्य में कॉलेजों की ग्रेडिंग के लिए टास्क फोर्स का गठन किया गया है। सदन में शिक्षक शिक्षा, विश्वविद्यालयों में रिक्त पदों और आईटीईपी (इंटीग्रेटेड टीचर एजूकेशन प्रोग्राम) को लेकर भी सवाल उठाए गए।

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान लता उसेंडी ने पूछा कि शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में निकले भर्ती विज्ञापन को लेकर कोई शिकायत मिली है या नहीं। मंत्री टंक राम वर्मा ने इस पर कहा, शैक्षणिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है और इसको लेकर कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। लता उसेंडी ने विश्वविद्यालय में बीएड और डीएड की कक्षाएं संचालित होने का सवाल उठाया। मंत्री ने बताया कि फिलहाल बीएड और डीएड पाठ्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग के तहत संचालित होते हैं। उच्च शिक्षा विभाग के कॉलेजों में अभी बीएड की पढ़ाई शुरू नहीं हुई है। नई शिक्षा नीति के तहत भविष्य में चार वर्षीय शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम लागू किया जाएगा, लेकिन इसकी शुरुआत अभी नहीं हुई है।




### ई-रिक्शा से विधानसभा पहुंचे मंत्री और विधायक



विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन महिला सशक्तिकरण का संदेश देने मंत्री गुरु खुशवंत साहेब और विधायक ललित चंद्राकर पिंक ई-रिक्शा से विधानसभा पहुंचे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने सरकार की महिला स्वावलंबन योजना को बढ़ावा देते हुए आम लोगों से भी पिंक ई-रिक्शा का अधिकाधिक उपयोग करने की अपील की। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने संवाददाताओं से चर्चा में कहा, पिंक ई-रिक्शा योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इससे महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर मिल रहे हैं और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा, यदि लोग अधिक से अधिक पिंक ई-रिक्शा का उपयोग करेंगे तो पिंक दीदियों की आय बढ़ेगी और उन्हें स्थायी रोजगार मिलेगा।

## नई शिक्षा नीति सभी स्कूल और कॉलेजों में लागू

नई शिक्षा नीति किन संस्थानों में लागू है, इस सवाल पर मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति राज्य के सभी स्कूलों और कॉलेजों में लागू है। लता उसेंडी ने विश्वविद्यालय में स्वीकृत और रिक्त पदों का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने बताया कि 265 शैक्षणिक पदों में केवल 29 पद भरे हुए हैं, जबकि गैर-शैक्षणिक 320 पदों में 291 पद खाली हैं।

### 146 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी

मंत्री ने कहा, विश्वविद्यालय के 31 विभागों में से 5 विभाग अभी शुरू ही नहीं हुए हैं, इसलिए करीब 90 पद फिलहाल शून्य माने जा सकते हैं। शेष 146 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और जल्द नियुक्तियां की जाएंगी। उन्होंने यह भी बताया कि पहले की भर्ती से जुड़ी शिकायतों की जांच पूरी हो चुकी है और 13 फरवरी को शिकायतों को निराधार मानते हुए मामला बंद कर दिया गया था।

### आईटीईपी पर सरकार की क्या तैयारी है?

वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने पूछा कि राज्य के मौजूदा बीएड कॉलेजों को आईटीईपी में बदलने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है। उन्होंने यह भी कहा, नई शिक्षा नीति के तहत चार वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम केवल बेहतर ग्रेड वाले कॉलेजों में शुरू किया जा सकता है। जबकि छत्तीसगढ़ में ऐसा कोई कॉलेज फिलहाल उपलब्ध नहीं है।

### कॉलेज की ग्रेडिंग है चुनौती

जवाब में मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा, वर्तमान में बीएड और डीएड दो वर्षीय पाठ्यक्रम के रूप में संचालित हो रहे हैं। सरकार की योजना इसी साल से बीएड की नई कक्षाएं शुरू करने की है, ताकि 2030 तक पहला बैच तैयार हो सके। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि कॉलेजों की ग्रेडिंग एक चुनौती है और इस संबंध में सरकार ने टास्क फोर्स का गठन किया है।

# विधानसभा में डॉ. तीजन बाई को दी गई श्रद्धांजलि

सीएम साय बोले

## छत्तीसगढ़ की लोककला को दिलाई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन पंडवानी गायिका डॉ. तीजन बाई को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. विष्णुदेव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, गजेंद्र यादव, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित सत्ता और विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री डॉ. विष्णुदेव साय ने कहा, डॉ. तीजन बाई ने पंडवानी की कापालिक शैली को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते हुए छत्तीसगढ़ की लोककला को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई।



उन्होंने कहा, उनकी ओजस्वी वाणी, सशक्त अभिनय और जीवंत प्रस्तुति ने दुनिया भर के श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। उन्होंने उनके जीवन को संघर्ष, साधना और समर्पण का प्रतीक बताते हुए कहा, सामाजिक रूढ़ियों को चुनौती देकर उन्होंने महिलाओं के लिए नई राह बनाई और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनीं। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, यह पहली बार है जब सदन में पद्म सम्मान से सम्मानित किसी विभूति को श्रद्धांजलि दी जा रही है। उन्होंने कांग्रेस विधायक दल की ओर से डॉ. तीजन बाई को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया। संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा, डॉ. तीजन बाई ने अपनी कला से छत्तीसगढ़ का गौरव विश्व पटल पर स्थापित किया। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, सीमित संसाधनों और शिक्षा के अभाव के बावजूद उन्होंने अपनी प्रतिभा के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया। उनका जीवन संघर्ष और कर्म सभी के लिए प्रेरणादायी है। संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने भी उनके संघर्षपूर्ण जीवन और लोककला के प्रति समर्पण को याद करते हुए कहा, उनका निधन केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की लोककला के लिए बड़ी क्षति है।

## खबर संक्षेप

### तारमिस्त्री परीक्षा कल से

रायपुर। शासकीय औद्योगिक प्रशंस्था (आईटीआई) में तारमिस्त्री परीक्षा 15 व 16 जुलाई को आयोजित की जाएगी। परीक्षा सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगी। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र और अपात्र अभ्यर्थियों के अस्वीकृति सूचना पत्र डाक के माध्यम से भेज दिए गए हैं। जिन अभ्यर्थियों को डाक नहीं मिली है, वे संबंधित कार्यालय में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### टेट के ई-सर्टिफिकेट जारी

रायपुर। व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा टेट के ई-सर्टिफिकेट जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा एक फरवरी को आयोजित की गई थी। इसके बाद अंतिम उत्तर तथा परीक्षा परिणाम 19 मार्च को जारी किए गए। नौकरी तथा अन्य कार्यों के लिए ई-सर्टिफिकेट मान्य रहेंगे। परीक्षार्थी व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर मांगी गई जानकारी अपलोड कर सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकते हैं।

### फायरमैन भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी

रायपुर। व्यापम द्वारा आयोजित की जाने वाली फायरमैन भर्ती परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। व्यापम 19 जुलाई को इस परीक्षा का आयोजन करेगा।

रामभक्तों की आस्था से खिलवाड़, कांग्रेस ने शास्त्री चौक पर किया जोरदार प्रदर्शन

# राम मंदिर चढ़ावे की चोरी पर कांग्रेस का हल्ला बोल, सुप्रीम कोर्ट के जज से जांच कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में सोमवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में शास्त्री चौक पर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि एवं आम नागरिक शामिल हुए।

यह प्रदर्शन जय श्रीराम के जयघोष के साथ हुआ। प्रदर्शन के दौरान ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने झांझ, मंजीरा एवं शंखनाद कर विरोध दर्ज कराया। पूरे शास्त्री चौक पर धार्मिक एवं जनआंदोलन का वातावरण दिखाई दिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां एवं बैनर लेकर चढ़ावा चोरी के दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान नुक्कड़ नाटक कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक मंचन करते हुए यह दर्शाया कि श्रद्धालुओं द्वारा भगवान श्रीराम के चरणों में अर्पित किए गए दान की किस प्रकार चोरी हुई। कांग्रेस ने कहा, करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।




### श्रद्धालुओं की आस्था से खिलवाड़ : मेनन

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, भगवान श्रीराम करोड़ों भारतीयों की आस्था, विश्वास और संस्कृति के प्रतीक हैं। देशभर के श्रद्धालु अपनी मेहनत की कमाई से मंदिर में चढ़ावा चढ़ाते हैं। ऐसे पवित्र चढ़ावे में हुई 300 करोड़ रुपये की चोरी से उनकी भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। उन्होंने आरोप लगाया कि श्रीराम मंदिर से चोरी किए गए धन का दुरुपयोग भाजपा ने विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनावों, सांसदों एवं विधायकों की खरीद-फरोख्त तथा राजनीतिक गतिविधियों में किया। इस राशि का एक हिस्सा शेयर बाजार में निवेश किया गया। यह करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के साथ विश्वासघात है। उन्होंने मांग की है कि मंदिर में चढ़ावा चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं की जांच सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में कराई जाए।

### ये थे मौजूद

इस दौरान श्रीकुमार शंकर मेनन, कुलदीप जुनेजा, विकास उपाध्याय, प्रमोद दुबे, कन्हैया अग्रवाल, प्रमोद चौबे, अशोक बानी, सलाम रिजवी, एजाज ढेबर, सुंदर जोगी, सुशांत डे, देवेंद्र यादव, दिनेश ठाकुर, राकेश धोत्रे, डॉ अनुराम साहू, प्रशांत ठेगडी, अविनय दुबे, इरफान कुरैशी, संपत सिंह, सुनील बाजरी, प्रवीण चंद्राकर, दीपक चौबे, विनोद सिंह ठाकुर,सुरेश जैन, ओम श्रीवास, सुरेश धीबर, सुधा सरोज, राज देवांगन, सुजीत सिंह, सौरभ तिवारी, कमल धतलहरे, अनिल रायचूरा, विजय टंडन, मोहम्मद ताहिर, हिरेंद्र देवांगन, किशन बाजरी, जावेद नकवी, जीतू भारती, सुयश शर्मा, अरुण जघेल, नंदू सिंन्हा, अमित श्रीवास्तव, सतू सिंह, संजय अग्रवाल, मनीष शर्मा, सतीश साहू, मुन्ना मिश्रा, प्रीति सोनी, अर्पण संचेती उपस्थित थे।

### रायपुर ग्रामीण के 11 ब्लॉकों में प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण द्वारा जिले के सभी 11 ब्लॉकों में एक साथ व्यापक विरोध-प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कथित वित्तीय अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग उठाई। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने धरसीवा विधानसभा चौक के पास आयोजित विरोध-प्रदर्शन में शामिल हुए। तीन घंटे तक चले इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आम नागरिक हाथों में तख्तियां लेकर विरोध जताते रहे। प्रदर्शन का नेतृत्व धरसीवा में आशीष वर्मा, आरंग में खिलावन निषाद एवं कोमल साहू, तिल्दा में अजितेश शर्मा एवं बलदाऊ साहू, अभनपुर में विद्याभूषण सोनवानी, चंदखुरी में ओमप्रकाश यादव, गोबरा-नवापारा में रामा यादव एवं गिरधारी साहू, तथा खरोरा में अश्वनी वर्मा के नेतृत्व में किया गया।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बैज नकटी प्रभावितों के साथ पदयात्रा कर कल राजभवन जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नकटी ग्राम में गरीबों का मकान तोड़ने के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज प्रभावित ग्रामीणों के साथ नकटी से राजभवन तक पदयात्रा कर राज्यपाल से मिलकर ज्ञापन सौंपेंगे। राज्यपाल से समय लेने के लिए प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने पत्र लिखा था, पुनः राजभवन के प्रभारी महामंत्री ने 15 जुलाई को समय लेने के लिए रिमाइंडर पत्र भेजा है। नकटी ग्राम से निकलने वाली पदयात्रा की तैयारी के लिए सोमवार को राजीव भवन में प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने कांग्रेस की समिति के सदस्यों और कांग्रेस नेताओं की आवश्यक बैठक ली एवं दिशा निर्देश दिया। बताया गया है कि 10 जूलाई को राज्यपाल से इस मामले में मिलने के लिए समय मांगा गया था। समय न मिलने के कारण पीसीसी की ओर से फिर एक पत्र राज्यपाल के पास भेजा गया है। नकटी के ग्रामीणों के मकान तोड़ने के मामले में न्याय की मांग को लेकर पदयात्रा करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, अनिता शर्मा, महामंत्री दीपक मिश्रा, शहर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेन्द्र पप्पू बंजारे, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, एजाज ढेबर, पूर्व महामंत्री पंकज शर्मा, संयुक्त महामंत्री अशोक राज आहुजा, उधो राम वर्मा, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी, शिव सिंह ठाकुर, बीरगांव महापौर नंदलाल देवांगन, असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक, धरसीवा ब्लाक अध्यक्ष आशीष वर्मा शामिल हुये।

■ 15 जुलाई को समय देने राज्यपाल को पीसीसी ने पुन : पत्र लिखा



# भाजपा बोली- नक्सलियों की संरक्षक है कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष नन्दन जैन ने कांग्रेस विधायक अटल श्रीवास्तव द्वारा दुर्दांत नक्सली कमांडर हिड़मा का महिमामण्डन किए जाने पर कड़ी आपत्ति की। श्री जैन ने कहा, यह कोई पहली बार नहीं है जब कांग्रेस का नक्सल प्रेम खुलकर सामने आया है। कांग्रेस का इतिहास हमेशा से नक्सलियों के संरक्षण और उन्हें खाद-पानी देने का रहा है।
श्री जैन ने ठाकरे परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, हजारों निर्दोष आदिवासियों, आम नागरिकों और देश के वीर जवानों के खून से जिसके हाथ रंगे हैं, उस खूंखार नक्सली हिड़मा का महिमामण्डन करना कांग्रेस की विकृत मानसिकता को दर्शाता है।



कांग्रेस विधायक अटल श्रीवास्तव का यह कृत्य बस्तर के शहीदों और उनके परिवारों का घोर अपमान है। इसके लिए उन्हें और उनकी पार्टी को देश से बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए। श्री जैन ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा, कांग्रेस और नक्सलियों का 'भाईचारा' दशकों पुराना है। जब-जब देश में नक्सलियों पर कड़ा प्रहार होता है, तब-तब कांग्रेस नेताओं का दर्द छलक उठता है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और वरिष्ठ नेता राजबब्बर जैसे बड़े कांग्रेसी नेता समय-समय पर नक्सलियों के पक्ष में खुलकर बयानबाजी करते रहे हैं। राजबब्बर ने तो नक्सलियों को क्रांतिकारी तक कह दिया था। खुद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी हिड़मा जैसे राष्ट्रविरोधी तत्वों का महिमामण्डन कर चुके हैं, जो उनके देशविरोधी एजेंडे को साफ उजागर करता है।

# समयमान वेतनमान और पदोन्नति वेतनमान में से एक चुनने के लिए कर्मचारियों को 31 तक का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने समयमान वेतनमान और पदोन्नति वेतनमान में से किसी एक योजना का विकल्प चुनने के लिए पात्र शासकीय कर्मचारियों को अतिरिक्त समय दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने सोमवार को आदेश जारी कर विकल्प प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एक बार के लिए बढ़ाकर 31 जुलाई 2026 कर दी है। यह निर्णय विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी संघों से प्राप्त अभ्यावेदनों के आधार पर लिया गया है। इससे पहले सामान्य प्रशासन विभाग ने 9 जून 2026 के परिपत्र के माध्यम से शिक्षक संवर्ग के सहायक शिक्षकों, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों, विभिन्न निर्माण विभागों तथा अन्य विभागों के उप अभियंताओं और वन विभाग के वनक्षेत्रपालों की प्रचलित पदोन्नति योजनाओं को वित्त विभाग की प्रचलित समयमान वेतनमान व्यवस्था में समाहित करने का निर्णय लिया था। इसके तहत पात्र कर्मचारियों को पदोन्नति वेतनमान अथवा समयमान वेतनमान में से किसी एक योजना का चयन करने के लिए एक माह का समय दिया गया था।

■ शिक्षक, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, उप अभियंता और वनक्षेत्रपालों को मिली अतिरिक्त मोहलत

### कर्मचारी संगठनों की थी मांग

नए आदेश के अनुसार कर्मचारी संगठनों द्वारा समय सीमा बढ़ाने की मांग किए जाने पर राज्य सरकार ने केवल एक बार के लिए विकल्प प्रस्तुत करने की अवधि 31 जुलाई 2026 तक बढ़ा दी है। इसके बाद विकल्प बदलने या समय बढ़ाने का कोई उल्लेख आदेश में नहीं किया गया है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह सुविधा केवल 1 अप्रैल 2026 से पहले नियुक्त शिक्षक संवर्ग के सहायक शिक्षकों, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों, उप अभियंताओं तथा वन विभाग के वनक्षेत्रपालों के लिए है। इन कर्मचारियों को यह अधिकार दिया गया है कि वे अपने लिए अधिक लाभकारी योजना,पदोन्नति वेतनमान या समयमान वेतनमान, में से किसी एक का चयन कर सकें। यह आदेश अन्य किसी संवर्ग के शासकीय कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा तथा 9 जून 2026 के परिपत्र की अन्य सभी शर्तें यथावत प्रभावशील रहेंगी।



## खबर संक्षेप




### दिव्यांश फाउंडेशन ने बच्चों को बांटे बैग

**रायपुर।** दिव्यांश फाउंडेशन द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला रायपुरा के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान लगभग पूरे विद्यालय के बच्चों को निशुल्क बैग वितरित किए गए, जिसे पाकर बच्चे बेहद उत्साहित हुए। सर्व शिक्षा अभियान सब पढ़ें-सब बढ़ें के उद्देश्य से विद्यालय प्रवेश महोत्सव का आयोजन सोमवार को अग्रसेन आयरन एंड स्टील प्रा. लि. द्वारा सीएसआर के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष राय, पवन यदु, मुकेश साहू, प्रणव वर्मा और लाखन जायसवाल का विशेष सहयोग रहा।

### माता साहिब हासीदेवी की जयंती पर सिंधी काउंसिल ने 200 पेड़ लगाए



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई युवा विंग एवं महिला विंग द्वारा एक पेड़ माता साहिब हासीदेवी के नाम पर अष्टविनायक गुलमोहर ग्रीन सेजबहार पर पेड़ लगाने का आयोजन किया। इस दौरान 200 पेड़ लगाए गए। शदाणी दरबार की पूज्य माता साहिब हासीदेवी के 200वीं जन्म जयंती के उत्सव पर एक पेड़ माता के नाम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शदाणी दरबार के संत युधिष्ठिर लाल के नेतृत्व में किया गया। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि इस अवसर पर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू एवं रायपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष नंदे साहू विशेष रूप से शामिल हुए। सिंधी काउंसिल युवा विंग अध्यक्ष जीतू लोहाना ने सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर जीतू लोहाना, अष्टविनायक के एमडी विक्की लोहाना, सुनील कुकरेजा, संजय जैसिंघ, मोहन वल्र्यानी, डॉ. एनडी गजवानी, पंचायत सभापति हेमलता गावड़ा, पवन लोहाना, काजल सचदेव आदि उपस्थित थे।


## गुमशुदा



श्रीमती किरण शिंदे

**श्रीमती किरण शिंदे** उम्र 37 वर्ष, पता-पियुष कालोनी अमलीडीह रायपुर (छ.ग.), थाना न्यू राजेन्द्र नगर से दिनांक 07/07/2026 सुबह 8.26 को घर से निकली है, अभी तक नहीं आई है, जो मानसिक रोग से पीड़ित है। 15 दिन पहले धनवन्तरी हास्पिटल में भर्ती थी। घर आई 6 दिन थी, फिर चली गयी। व्यवहार नार्मल है। रंग-गोरी, लंबाई-5.3', गाउन पहनकर निकली है। हिंदी-छत्तीसगढ़ी बोलती है। कृपया कहीं मिले या दिखे तो नीचे दिए मो.नं. पर संपर्क करें। पता बताने वालों को उचित ईनाम दिया जाएगा।

**सोनू शिंदे, मो. 9827496530**
**थाना- 9479191046, 07714247126**


# खुद को बताया केंद्रीय मंत्रालय का अधिकारी, कई लोगों से की 84 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय गृह मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में सहायक आयुक्त बताकर लोगों के साथ ठगी करने वाले रजनीश कुमार राय ने अलग-अलग लोगों से 84 लाख रुपए की ठगी की है। समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने के बाद आधा दर्जन पीड़ित ने सिविल लाइंस थाना पहुंचकर पुलिस को अपने साथ ठगी होने की जानकारी दी है।

जनार्दन यादव ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2024 में रजनीश कुमार उनके अमलेश्वर स्थित घर को खरीदने के सिलसिले में संपर्क में आया था। इस दौरान उसने स्वयं को भारत सरकार के गृह मंत्रालय तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में सहायक आयुक्त के पद पर पदस्थ अधिकारी बताया। उसने फर्जी पहचान पत्र भी दिखाया और बड़े अधिकारियों व नेताओं से अपनी ऊंची पहुंच होने का दावा किया। धीरे-धीरे उसने परिवार का विश्वास जीत लिया और लगातार घर आना-जाना शुरू कर दिया।

**नौकरी दिलाने के नाम पर लिए 12 लाख रुपए :** जालसाज ने जनार्दन को उनकी बेटी आकृति को एम्स में क्लर्क और बेटे अर्पित को आईबी में एएसआई की नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। दोनों की नौकरी के लिए 6-6 लाख रुपए रुपये की मांग की गई। अक्टूबर 2024 में जालसाज ने जनार्दन को रायपुर बुलाया, जहां उसने सरकारी पहचान पत्र दिखाकर विश्वास दिलाया और उसी दिन चार लाख रुपए नकद ले लिए। बाद में अलग-अलग किस्तों में नकद और आनलाइन माध्यम से शेष राशि भी ले ली। परिवार का विश्वास जीतने के बाद उसने पीड़ित की बेटी स्वाति यादव और आकृति यादव के एटीएम कार्ड भी अपने पास रख लिए और उनका दुरुपयोग किया।

## डीएसपी को ठगने की कोशिश में पकड़ा गया था जालसाज

### अन्य लोगों से भी की ठगी

जालसाज ने कई अन्य लोगों से भी सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की है। इनमें रघुनाथ यादव, शैलेश यादव, छाया शर्मा, महेंद्र पाल कौशिक, नेशपाल कौशिक और दिव्यांशु गुप्ता से 84 लाख रुपए की ठगी की है। आरोपी ने लोगों को एम्स, आईबी, नारकोटिक्स विभाग, पुलिस उपनिरीक्षक, आरक्षक और क्लर्क जैसे पदों पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया है।




### डीएसपी के साथ ठगी करने की कोशिश में पकड़ा गया

डीएसपी के पद पर पदस्थ गुरुनारायण से ट्रेन में मुलाकात होने के बाद जालसाज ने उनके साथ संपर्क बढ़ाया और अपनी ऊंची पहुंच तथा रसूख का झांसा देकर जालसाज ने डीएसपी को मनचाही जगह पर पोस्टिंग कराने का झांसा देकर पांच लाख रुपए की मांग की। इस बीच जालसाज के पास अलग-अलग केंद्रीय विभाग के आईकार्ड देख डीएसपी को उस पर शंका हुई और उन्होंने इसकी थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद ठगी का खुलासा हुआ।

# अनाड़ी कार चालक ने ई-रिक्शा को ठोका, स्कूल छात्र सहित दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- चार दिन पूर्व गुढ़ियारी थाना क्षेत्र की घटना

गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व घर से स्कूल जाने निकले एक 12 साल के स्कूली छात्र तथा ई-रिक्शा चालक की रोड एक्सीडेंट में मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल दोनों की मौत अस्पताल में उपचार के दौरान हुई है। अनाड़ी कार चालक रांग साइड खड़ी कार को साइड कर रहा था, इस दौरान हादसा हुआ। पुलिस ने आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर होंडा सिटी कार को जब्त कर लिया है। एक्सीडेंट की घटना नौ जुलाई की है।

एक्सीडेंट में स्कूली छात्र रेयांश विभार, विनोद तांडी की मौत हुई है। रेयांश के बड़े चचेरा भाई लक्की बेहरा ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को उसका छोटा भाई सुबह पौने 11 बजे स्कूल जाने के लिए निकला था। कलिंग नगर चौक के पास उसका भाई अर्जुन दीप के ई-रिक्शा में सवार हुआ। ई-रिक्शा चालक अन्य बच्चों के आने का इंतजार कर रहा था। इस दौरान कार सीजी 04 एचसी 1272 के चालक ने तेज रफ्तार कार चलाते हुए पास खड़े दो ई-रिक्शा को अपनी चपेट में ले लिया। कार की चपेट में आने से एक अन्य ई-रिक्शा के चालक विनोद, रेयांश के साथ अन्य चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पसात में भर्ती कराया गया, जहां सोमवार को उपचार के दौरान विनोद तथा रेयांश की मौत हो गई।

### ई-रिक्शा चालक तथा स्कूली छात्र की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत



एआई फोटो

### साथी के नहीं आने पर कार साइड करने लगा

पुलिस के अनुसार करण नायक तथा उसका साथी अपने दोस्त की कार में सवार होकर कहीं जाने के लिए निकले थे। इस दौरान कार मालिक ने कार को रांग साइड पार्क कर थोड़ी देर में आने की बात कही और कहीं चला गया। काफी देर बाद कार मालिक नहीं पहुंचा, तब कार में सवार करण ने कार को साइड करने की बात कह कर कार स्टार्ट की। कार पहले से ही गियर में थी। कार चालू करने के बाद करण ने एक्सीलेटर को जोर से दबा दिया। इससे कार उछल गई और सड़क के दूसरे छोड़ पर खड़े ई-रिक्शा को अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस के अनुसार करण को कार चलाना नहीं आता।

# आवासीय भवन में चल रहे वाटर फिल्टर प्लांट को किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- भाठागांव आवासीय कालोनी में आवासीय भवन अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग

नगर निगम जोन 5 ने भाठागांव आवासीय कालोनी में आवासीय भवन का अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग करते हुए संचालित लघु वाटर फिल्टर प्लांट को सील कर दिया। संचालक दिनेश वधानी को जोन नगर निवेश विभाग की टीम ने नोटिस जारी कर इसे बंद करने के निर्देश दिए थे। पर नोटिस की शर्तो का पालन नहीं किए जाने एवं आवासीय भवन में अवैध व्यवसायिक गतिविधियां का संचालन पाए जाने पर जोन 5 की टीम ने सोमवार को स्थल पर पहुंचकर लघु वाटर फिल्टर प्लांट को तत्काल सीलबंद करने नियम अनुसार कार्रवाई की ।

नगर निगम जोन 5 कमिश्नरी क्षेत्र स्थित भाठागांव के एक आवासीय कालोनी में आवासीय भवन का अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग कर लघु वाटर फिल्टर प्लांट संचालन करने वाले के खिलाफ कड़ाई बरती है। जोन के नगर निवेश विभाग ने स्थल पर पहुंचकर लघु वाटर फिल्ट प्लांट को सीलबंद कर चेतावनी दी है कि भविष्य में बिना सक्षम अनुमति से सील हटाकर व्यावसायिक गतिविधि संचालित किए जाने पर प्रकरण में नियम अनुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सीलबंदी जोन कमिश्नर खीरसागर नायक के मार्गदर्शन और कार्यपालन अभियंता लाल महेंद्र प्रताप सिंह, सहायक अभियंता नागेश्वर रामटेके, उप अभियंता नगर निवेश टिकेंद्र चंद्राकर की उपस्थिति में की गई।




# वित्त मंत्री से एक्सप्रेस-वे पर अमलीडीह के पास स्लीप रोड की मांग दोहराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमलीडीह, महावीर नगर और राजेंद्र नगर के नागरिकों ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मिलकर एक्सप्रेस-वे पर अमलीडीह के पास स्लीप रोड की मांग पुनः दोहराई। जब से एक्सप्रेस वे चालू किया गया है, तब से अमलीडीह के स्थानीय नागरिकों के द्वारा स्लीप रोड की मांग की जा रही है, क्योंकि फाफाडीह, देवेंद्र नगर, पंडरी, शंकर नगर और तेलीबंधा में नागरिकों की सुविधा हेतु तथा मुख्य सड़कों का दबाव कम करने सभी स्थानों पर स्लीप रोड की सुविधा दी गई है, किंतु एक्सप्रेस-वे के नियमों को ताक पर रखकर अमलीडीह में गलत तरीक़े से अंडरपास दिया गया है, जिसकी डिजाइन भी गलत है। एक्सप्रेस-वे के नियमों के अनुसार उसकी ऊंचाई नहीं दी गई है और स्लीप रोड की सुविधा भी नहीं है। इस कारण अमलीडीह, महावीर नगर तथा राजेंद्र नगर के डेढ़ लाख नागरिकों को वीआईपी रोड होते हुए शहर में प्रवेश करना पड़ता है या फुंडहर होकर एक्सप्रेस-वे जाना पड़ता है, जिसके कारण सुबह और शाम वीआईपी चौक पर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है और लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आश्वासन दिया है कि जल्द यह सुविधा यहां के नागरिकों को मिलेगी। प्रतिनिधिमंडल में लॉ विस्टा सोसायटी के अध्यक्ष विजय मंगवानी, अग्रवाल समाज के प्रमोद जैन, अमलीडीह निवासी विवेक रंजन गुप्ता, हेमराज बेन एवं नरेंद्र गोंदूदे उपस्थित थे।




## पेज 11 के शेष ...

### मास्टर प्लान 2031 की जांच ...

में जिन-जिन लोगों की भूमि है, वे लैंड यूज के अनुसार कार्य नहीं कर पा रहे हैं। इन लोगों को अब संशोधित मास्टर प्लान लागू होने का इंतजार है। ***बस्ती को तालाब, कहीं तालाब में बस्ती बसा दी गई :*** मास्टर प्लान 2031 में कई तरह की बड़ी गड़बड़ी पाई गई है। नक्शे में जहां जिस जगह पर तालाब है, वहां बस्ती या खाली भूमि बता दिया गया है, वहीं जहां बस्ती, आबादी बसी हुई उस जगह को तालाब बता दिया है। इसी प्रकार कृषि भूमि को मिश्रित, आवासीय तो आवासीय भूमि को कृषि या मिश्रित बता दिया गया है। ***पुराने सेटेलाइट नक्शा के आधार पर बना मास्टर प्लान :*** मास्टर प्लान वर्ष 2011 के पुराने सेटेलाइट नक्शा के आधार पर बन गया है।

### पश्चिम के बाद दो और जोन ...

गया है। बिलासपुर विशेष शाखा में एसपी के पदस्थ दीपमाला कश्यप को रायपुर उत्तर डीसीपी की जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस कमिश्नर कार्यालय में प्रशिक्षण, डीएसबी, अजाक एवं सीडब्ल्यूसी में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त के चार्ज संभाल रही अर्चना झा को भी पदोन्नत करते हुए उन्हें ट्रैफिक एवं प्रोटोकॉल में डीसीपी की जिम्मेदारी दी गई है। रायपुर पश्चिम के डीसीपी संदीप पटेल की जिस दिन स्थानांतरण आदेश जारी किया गया था, उसी दिन रायपुर पश्चिम के लिए आईपीएस रॉबिंनसन गुरिया के नाम की घोषणा कर दी गई थी।

### फैक्ट्री में ब्लास्ट से तीन मजदूरों ...

खड़े करती हैं। इसीलिए, आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो हफ्ते के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट में घायलों की सेहत की स्थिति के साथ-साथ मृतकों के परिजनों और घायलों को दिए गए मुआवजे की जानकारी मांगी है। ***ब्लास्ट की चपेट में आने से इन तीन मजदूरों की हुई थी मौत :*** ब्लास्ट की चपेट में आने से मध्यप्रदेश, डिंडौरी निवासी कमल सिंह, लाल सिंह तथा जांजगीर-चांपा निवासी अरुण पांडे की मौत हुई थी। फैक्ट्री में पिग आयरन (कच्चा लोहा) बनाने का काम होता था, जिससे गाड़ियों के पुर्जे तैयार किए जाते हैं। फर्नेस साइड में ऑक्सीजन सिलेंडर का नोजल बदलने के दौरान ब्लास्ट हुआ था।

### गिरिजा इंडेन गैस एजेंसी का...

की जा रही थी, जिससे एजेंसी के उपभोक्ता परेशान थे। यहीं नहीं, उपभोक्ता जब सिलेंडर की डिलीवरी से संबंधित जानकारी मांगते, तो उनके साथ दुर्व्यवहार भी किया जाता। इसे लेकर कई उपभोक्ताओं ने खाद्य विभाग में शिकायत की थी। ***शिकायतों के आधार पर कार्रवाई :*** शिकायतों के आधार पर कार्रवाई की गई है। विभाग ने इंडियन ऑयल कंपनी को प्रस्ताव भेजा था, जिस पर कार्रवाई कर एजेंसी का लाइसेंस निलंबित किया है।

*- भूपेंद्र मिश्रा, खाद्य नियंत्रक रायपुर*

## बिजनेस साइट

### डॉक्टर्स डे पर डॉ. सुनील कालड़ा का निशुल्क शिविर संपन्न, 10 जरूरतमंद मरीजों की हुई सर्जरी



**रायपुर।** राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर प्रख्यात बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन डॉ. सुनील कालड़ा द्वारा आयोजित निशुल्क ओपीडी एवं ऑपरेशन शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 1 से 7 जुलाई तक चले इस शिविर में करीब 100 मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया, जिनमें से 10 जरूरतमंद मरीजों का चयन कर उनकी निशुल्क सर्जरी की गई। पिछले 36 वर्षों से चिकित्सा सेवा में सक्रिय डॉ. कालड़ा ने हजारों बर्न पीड़ितों तथा क्लेफ्ट लिप एवं क्लेफ्ट पैलेट जैसी जन्मजात विकृतियों से पीड़ित बच्चों का सफल उपचार कर उन्हें नया जीवन दिया है। सामाजिक सरोकारों के तहत वे ट्रांसजेंडर समुदाय के निशुल्क उपचार एवं सर्जरी में भी विशेष योगदान दे रहे हैं। शिविर के समापन पर डॉ. सुनील कालड़ा ने कहा कि चिकित्सा सेवा का उद्देश्य केवल बीमारी का इलाज नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

### मैट्स विश्वविद्यालय में एजेंटिक एआई पर कार्यशाला



**रायपुर।** मैट्स विश्वविद्यालय, आरंग स्थित मैट्स स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (एमएसईआईटी) के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा एजेंटिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एजेंटिक एआई) विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आधुनिक एआई तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला के संसाधन व्यक्ति आईआईएलएम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अमर शुक्ला ने एजेंटिक एआई की अवधारणा, कार्यप्रणाली, अनुप्रयोग और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। उद्घाटन सत्र में कुलपति प्रो. (डॉ.) के. पी. यादव ने विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया। निदेशक डॉ. बृजेश पटेल ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं विद्यार्थियों को उद्योग की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. अभिषेक गुरु के नेतृत्व में आयोजित कार्यशाला में प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग, एजेंटिक एआई फ्रेमवर्क तथा विभिन्न क्षेत्रों में इसके अनुप्रयोगों पर चर्चा के साथ हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण भी दिया गया।

### आईएसबीएम यूनिवर्सिटी में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**रायपुर।** आईएसबीएम यूनिवर्सिटी, रायपुर परिसर में सोमवार को नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत एवं मार्गदर्शन के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. आनंद महलवार, डॉ. त्रिलोक बाघ, डॉ. आशीष प्रताप सिंह तथा पंकज सिंह उपस्थित रहे। डॉ. आशीष प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों एवं नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें विश्वविद्यालय परिवार का हिस्सा बनने पर शुभकामनाएं दीं। कुलपति डॉ. आनंद महलवार ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से अनुशासन, सतत अध्ययन और सकारात्मक सोच के साथ शैक्षणिक जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सफलता केवल डिग्री तक सीमित नहीं, बल्कि ज्ञान, कौशल, चरित्र और मानवीय मूल्यों के विकास में निहित है। डॉ. त्रिलोक बाघ ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।




### एफएडीए डीलर अवॉर्ड्स 2026 में जीके ग्रुप को सात राष्ट्रीय सम्मान

**रायपुर।** मध्य भारत के अग्रणी ऑटोमोबाइल डीलरशिप समूह जीके ग्रुप ने एफएडीए (फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन) डीलर अवॉर्ड्स 2026 में सात प्रतिष्ठित सम्मान हासिल कर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में समूह ने पांच श्रेणियों में विजेता तथा दो श्रेणियों में रनर-अप का स्थान प्राप्त किया। जीके ग्रुप को 'डीलर ऑफ द ईयर', 'बेस्ट डीलर ग्रुप', 'बेस्ट डीलर–व्हील्ड इक्विपमेंट (जीके जेसीबी)', 'बेस्ट लग्जरी टू-व्हीलर डीलर (होंडा बिगविंग)' और 'ग्रीन इनिशिएटिव' श्रेणियों में विजेता घोषित किया गया। वहीं 'बिग डीलर अवॉर्ड' तथा 'यूनिक इनिशिएटिव–कमर्शियल व्हीकल (एमएचसीवी)' श्रेणी में रनर-अप सम्मान मिला। समूह के निदेशक पुनीत परवानी ने कहा कि यह उपलब्धि 1.40 लाख से अधिक ग्राहकों के विश्वास, ओईएम एवं फाइनेंस पार्टनर्स के सहयोग तथा पूरी टीम की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ये सम्मान भविष्य में उत्कृष्ट ग्राहक सेवा, नवाचार और गुणवत्ता के नए मानक स्थापित करने की प्रेरणा देंगे।





## -:: गुमा ::-

जशपुर जिला में फोटो कॉपी सेन्टर में A.N.M रजिस्ट्रेशन (Registration) पंजीयन प्रमाण पत्र कहीं गुम हो गया जो काफी खोजबीन करने के पश्चात भी प्राप्त नही हुआ जिसकी तलाश यातायात जशपुर थाना में F.I.R. किया गया है। जिस किसी सज्जन को प्राप्त हुआ हो कृपया निम्न मोबाईल नम्बर पर खबर करें।

पता- ऐच्छिक लकडा, पिता स्व. गोस्नर लकडा, ग्राम हर्राकोना, त. जशपुर जिला जशपुर नगर (छ.ग.)

**मो.नं.- 9340434887**

## // आम सूचना //

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार - कपिल गुप्ता पिता श्री नन्दकिशोर गुप्ता निवासी - आर.डी.ए. के सामने, बोरियाखुर्द रायपुर - तहसील व जिला - रायपुर छ.ग के द्वारा विक्रेता प्रदीप परगनिया पिता- श्री पवन परगनिया निवासी- गोटियापारा, तारामिल, लेजवारा बेरला बेमेतरा छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जिसका खसरा नं. - 418/3 का रकबा - 7000 वर्गफुट भूमि है, जो कि ग्राम - बोरियाखुर्द नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत प.ह.नं.- 71, रा.नि.मं. - रायपुर - 14, तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि को क्रय किये जाने हेतु विक्रय इकरारनामा का निष्पादन कर अग्रिम ब्याना राशि विक्रेता को प्रदान किया जा चुका है, विक्रय विलेख का पंजीयन किया जाना शेष है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय अर्धशासकीय, शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि / संपत्ति के स्वत्व एवं आधिपत्य के अंतरण में या अन्य किसी भी प्रकार की कोई भी ऊजर या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करे। बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नही होगा व अवैध व शून्य माना जावेगा। म्याद अवधि के पश्चात मेरा पक्षकार पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगा। सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.) दिनांकः-13/07/2026

**भवदीय**
**मुकेश साहू, खुमेन्द्र साहू, अजीत सिंह**
**( अधिवक्तागण )**
**पुराना धमतरी रोड़ मोती नगर, बोरियाखुर्द,**
**पो. सुंदर नगर, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. नं. - 98271-91198,**
**98271-16487, 93002-96804**

## // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1398 दिनांक 07.03.2024 के द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29, में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक-एच.आई.जी फ्लैट-50/103 को श्रीमति शाहीन बारी पति श्री रियाजुल बारी, के नाम पर नामांतरण (मृत्यु उपरांत) किया गया है। वर्तमान में श्रीमति शाहीन बारी पति श्री रियाजुल बारी, निवासीः- 104, ब्लॉक सी फर्स्ट फ्लोर, मैग्नेटो सिग्नेचर होम्स नियर, मैग्नेटो माल रायपुर जिला- रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त प्रकोष्ठ भवन को क्रेता **श्रीमति तरुणा अग्रवाल पति श्री राजेश अग्रवाल** निवासीः- पीउए/78, नेयर बैंक ऑफ इंडिया के पास सेक्टर-27, नवा रायपुर अटल नगर, तहसील मंदिर हसौद, जिला- रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29, में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक-एच.आई.जी फ्लैट-50/103, के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-नवा रायपुर अटल नगर**

## न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

क्रमांक / अ-6/2025-26
ग्राम कोटा 1+2 प.ह.नं. 51,
तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)
रायपुर, दिनांक 10/7/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक विजय कुमार शरणागत पिता स्व. तेजराम शरणागत (पवार) निवासी- प्राथमिक शाला भवन के पास भवानी नगर कोटा रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम कोटा 1+2 प.ह.नं. 51 रा.नि.म. रायपुर 03 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 88/9 का भाग रकबा 850 वर्गफुट भूमि को आवेदक/क्रेता द्वारा अनावेदक/ विक्रेता जितेन्द्र बेसरे पिता नारायण बेसरे निवासी- ओप्पोसिट सिंधी बाड़ा भोईपारा रायपुर द्वारा मुख्त्यार आम मनोज दास डहरिया पिता भागवत डहरिया निवासी- म.नं. 1078 रामदरबार मंदिर के पीछे सतनामीपारा वार्ड नंबर 02 कोटा रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 05/02/2019 को क्रय किया गया। अतः उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 27/7/2026 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/7/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**रायपुर (छ.ग.)**

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | मिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी • एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी • सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा • आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार, • TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### लाखों का गबन, 4 सरपंचों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

आरंग। छत्तीसगढ़ में पंचायती राज व्यवस्था के तहत विकास कार्यों के नाम पर शासकीय धन का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। रायपुर जिले के आरंग अनुविभाग में वित्तीय अनियमितता और सरकारी राशि डकारने के मामले में एक साथ 04 पूर्व सरपंचों के खिलाफ गिरफ्तारी और सिविल जेल भेजने का वारंट जारी किया गया है। न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं विहित प्राधिकारी आरंग अभिलाषा पैकरा द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम के तहत यह सख्त आदेश जारी किया गया है। पूर्व जनप्रतिनिधियों से 43 लाख 77 हजार 277 रुपये की लोक राशि की वसूली की जानी है, जिसे जमा न करने पर इन्हें अधिकतम 30 दिनों के लिए केंद्रीय जेल रायपुर भेजने का निर्देश दिया गया है। पूर्व सरपंचों राजकुमारी साहू, पूर्व सरपंच नगपुरा वसूली राशि 4.09 लाख रुपए, गोपाल चतुर्वेदी, पूर्व सरपंच नकटा वसूली राशि 18,23,880 रुपए, रोशन मिश्रा, पूर्व सरपंच देवदा वसूली राशि 18,84,773 और 50,300 रुपए, चितरेखा साहू, पूर्व सरपंच राखी वसूली राशि 209324 रुपए।



### महानदी तट पर मिला महिला का शव, हत्या की आशंका

आरंग। आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम पारागांव में महानदी के किनारे एक महिला का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतिका के शरीर पर चोट के निशान मिलने से हत्या की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही आरंग थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए रायपुर से फोरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार मृतिका की पहचान ग्राम पारागांव निवासी रुक्मणी सोनवानी (36) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उनके पति का पहले ही निधन हो चुका है। प्रारंभिक जांच में महिला के शरीर पर मिले चोट के निशान से हत्या की आशंका जताई जा रही है। आरंग थाना प्रभारी हरीश साहू ने बताया कि मृतिका के परिजनों एवं ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि रुक्मणी को आखिरी बार किसके साथ देखा गया था तथा उसकी किसी से कोई रंजिश या विवाद तो नहीं था।



# राम मंदिर चंदा चोरी पर कांग्रेस ने निकाली रैली और किया प्रदर्शन

**श्रद्धालुओं के चढ़ावे की चोरी केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि सनातनियों की आस्था पर आघात है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा-नेवरा

अयोध्या स्थित प्रभु श्रीराम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी के मामले को लेकर तिल्दा-नेवरा में कांग्रेस ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। तिल्दा-नेवरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर उतरे और भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शहर में रैली निकाली। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं के हाथों में विभिन्न तख्तियां थीं, जिन पर राम मंदिर के चंदा चोरों को सजा दो, आस्था से खिलवाड़ बंद करो, सनातन का अपमान नहीं सहेंगे जैसे नारे लिखे हुए थे।

कांग्रेस कार्यकर्ता स्टेशन चौक पर एकत्रित हुए, जहां से विरोध रैली प्रारंभ हुई। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई दीनदयाल चौक पहुंची, जहां सभा आयोजित कर केंद्र और भाजपा पर तीखे आरोप लगाए गए।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी ने कहा कि राम मंदिर में श्रद्धालुओं के चढ़ावे में कथित चोरी केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि करोड़ों सनातनियों की आस्था पर गहरा आघात है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और संघ परिवार लगातार धार्मिक भावनाओं का राजनीतिक उपयोग करते रहे हैं, जबकि अब भगवान के नाम पर जुटाई गई श्रद्धा और चढ़ावे की सुरक्षा भी नहीं कर पाए।



**धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई**

उन्होंने कहा कि भगवान हनुमान का अपमान, भगवान के नाम अंकित ईंटों को नालियों में लगाने जैसी घटनाएं पहले भी सामने आती रही हैं और अब राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की घटना ने लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने मांग की कि इस मामले के दोषियों की निष्पक्ष जांच कर उन्हें कठोर से कठोर सजा दी जाए, ताकि लोगों का मंदिर व्यवस्था और धार्मिक संस्थाओं पर विश्वास कायम रहे।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देशभर के सनातन धर्मावलंबी इस घटना से आहत हैं। भले ही हर व्यक्ति खुलकर विरोध नहीं कर पा रहा हो, लेकिन लोगों में इस घटना को लेकर भारी नाराजगी है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार से पूरे मामले की पारदर्शी जांच कर दोषियों को तत्काल जेल भेजने तथा मंदिरों में श्रद्धालुओं की आस्था और चढ़ावे की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

विरोध प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी, पूर्व विधायक.जनक राम वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिल्दा नेवरा शहर अध्यक्ष अजितेश शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष बलदाऊ साहू, नारायण वर्मा, राहुल तेजवानी, ओम ठाकुर के कृष्णा मूर्ति, राम गिडलानी, नीरज राठी,.संतोष सक्सेना, आशा यादव, सुनील सोनी, सनद सेन पार्षद, पूर्व पार्षद मनोहर गेहानी , जितेंद्र सेन, हेमलाल साहू, दानी राम साहू, अनूप रवानी, कमलवर्मा , अनिल सिंह, विक्रम वर्मा , डिगेश्वर वर्मा, रेखा राम देवांगन, प्रशांत गुप्ता, लाला शर्मा, छोटू नवरंगे, हरि मारखंडे,विनोद सोनी ,योगेंद्र पटेल , नानक छाबडिया ,राजेश जेठवानी ,अमजद खान, नरेश मानिकपुरी , तारण डहरिया, भारत सेन,विक्की यादव आदि कांग्रेसनेता शामिल हुए।

## बाइक रैली निकाली और की निष्पक्ष जांच की मांग

**अभनपुर।** अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों को लेकर छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर पीसीसी सचिव प्रवीण साहू के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनपुर के कार्यकर्ताओं ने सद्भावना कुटी से बस स्टैंड तक बाइक रैली निकाली। हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड में प्रदर्शन किया और मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग उठाई। इस मौके पर पीसीसी सचिव प्रवीण साहू ने कहा कि श्रीराम मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। ऐसे में चढ़ावे में कथित वित्तीय अनियमितताओं के आरोप अत्यंत गंभीर हैं और पूरे मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भगवान श्रीराम के नाम पर जनता से समर्थन लेने वाली भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अब मंदिर से जुड़े इस विवाद पर जवाब देने से बच रहे हैं। उन्होंने कहा कि आस्था से जुड़े विषय पर किसी भी प्रकार की अनियमितता स्वीकार्य नहीं है। कांग्रेस ने केंद्र और राज्य सरकार से पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की। प्रदर्शन में विद्याभूषण सोनवानी, विमल साहू, नंद कुमार साहू, श्रीमती किरण साहू, श्रीमती भुवनेश्वरी सिन्हा, श्रीमती राखी ध्रुव, बलविंदर गांधी, नीलकमल गिलहरे, वीरेंद्र प्रताप सिन्हा, डोमेंद्र साहू, बीरबल टंडन, राजेश साहू, दिनेश अंबिलकर, प्रहलाद साहू, पंडेल जी, शैलेंद्र यादव, मदन लाल गिलहरे, मोंटू भार्गव, रूपेश बांधे, डोमेश सिन्हा, बुसाक चतुर्वेदानी, सुमित तंबोली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे।



## राम मंदिर चढ़ावे की चोरी पर कांग्रेस ने किया पुतला दहन

आरंग। अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में 13 जुलाई को प्रदेशव्यापी आंदोलन किया गया। इसी कड़ी में आरंग के पूर्व विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के मार्गदर्शन व निर्देश में आरंग ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा उग्र विरोध-प्रदर्शन और पुतला दहन किया गया। सोमवार को आरंग के इंदिरा चौक पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी एकत्रित हुए। यहाँ से केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कांग्रेसियों ने मुख्य मार्ग से एक विशाल आक्रोश रैली निकाली। रैली जैसे ही बस स्टैंड पहुँची, वहाँ माहौल बेहद गर्मा गया। कांग्रेस कार्यकर्ता अपने साथ प्रधानमंत्री का पुतला लेकर चल रहे थे, जिसे जलाने से रोकने के लिए वहाँ पहले से मुस्तैद पुलिस





बल ने पूरी ताकत झोंक दी। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच काफी देर तक तीखी बहस और जमकर झूमाझटकी होती रही। आखिरकार, पुलिस को छकाते हुए आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंक दिया।

आंदोलन में कोमल साहू (ब्लॉक अध्यक्ष, आरंग), खिलावन निषाद (शहर अध्यक्ष, आरंग), हिरामन साहू, सजल चंद्राकर, दुर्गा राय, मंजू चंद्राकर, खिलेश देवांगन, भरत लोधी, मंगलमूर्ति अग्रवाल, शरद जीतू गुप्ता, ईश्वर पटेल, घनश्याम साहू, दीपक चंद्राकर, भारती देवांगन, सागर जोशी, प्रकाश मारकण्डे, कुलदीप वर्मा, पोषण साहू, राजेश्वरी साहू, देवकुमार रात्रे, सौम्या सोनी, वत्सला लोधी, लेस साहू, मनीष चंद्राकर, पूनमचंद साहू, देवेंद्र घृतलहरे, ईश्वर जोगलेकर, लक्की कोसले, भीम जलक्षत्रि, शहीद रजा चौहान, चमन जलक्षत्रि, ईश्वर साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई के पदाधिकारी सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री का पुतला फूंका जांच की मांग की

चंदखुरी। अयोध्या स्थित राम मंदिर के चढ़ावे में कथित अनियमितता और चोरी के आरोपों को लेकर सोमवार को मंदिरहसौद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।प्रदर्शन में



मुख्य रूप से जिला रायपुर ग्रामीण उपाध्यक्ष श्री दिनेश ठाकुर, महासविच रेखाराम पात्रे, ब्लॉक अध्यक्ष कोमल साहू, खिलावन निषाद,पालिका अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी, जिला सचिव प्रवीण सिंह, जिला पंचायत सदस्य हेमंत कश्यप,पार्षदगण अधि.अनुज मिश्रा, राकेश मिश्रा, राकेश जायसवाल की उपस्थिति रही।

## जन विश्वास से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा : बंजारे

सिलयारी। अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण द्वारा जिले के सभी 11 ब्लॉकों में एक साथ व्यापक विरोध-प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कथित वित्तीय अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग उठाई।

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे धरसीवा विधानसभा चौक



विरोध-प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान जमकर की नारेबाजी। इस अवसर पर श्री बंजारे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और केंद्र की मोदी सरकार धर्म और आस्था के नाम पर राजनीति करती है, लेकिन जब धार्मिक संस्थानों में कथित वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आते हैं तो जवाबदेही से बचने का प्रयास किया जाता है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के 11 ब्लॉकों में यह विरोध-प्रदर्शन एक साथ आयोजित किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व धरसीवा में आशीष वर्मा, आरंग में खिलावन निषाद एवं कोमल साहू, तिल्दा में अजितेश शर्मा एवं बलदाऊ साहू, अभनपुर में विद्याभूषण सोनवानी, चंदखुरी में ओमप्रकाश यादव, गोबरा-नवापारा में रामा यादव एवं गिरधारी साहू, तथा खरोरा में अश्वनी वर्मा के नेतृत्व में किया गया।

## खड़े छोटा हाथी वाहन पर लगाई आग, आरोपी फरार

आरंग। नगर पालिका मंदिर हसौद के वार्ड क्र. 20 के पार्षद तुलेश देवांगन के बड़े भाई एवं पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र देवांगन की खड़ी टाटा एस (छोटा हाथी) वाहन को अज्ञात लोगों ने शनिवार देर रात आग के हवाले कर दिया। घटना में वाहन पूरी तरह जलकर राख हो गया, जिससे पीड़ित को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। जानकारी के अनुसार जितेंद्र देवांगन समोसा-बड़ा का व्यवसाय करते हैं। वे रोज की तरह



शनिवार को बाजार लगाकर रात में अपनी टाटा एस वाहन घर के सामने खड़ी कर सो गए। रविवार सुबह जब उनकी नींद खुली तो सामने का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। उनकी गाड़ी पूरी तरह जल चुकी थी और केवल ढांचा ही बचा था। घटना की सूचना तत्काल मंदिर हसौद पुलिस को दी गई। प्रारंभिक आशंका है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने देर रात वाहन में आग लगाई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है तथा आसपास के सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।स्थानीय लोगों ने इस घटना को गंभीर बताते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग की है।

## एक ही रात में दो ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अभनपुर

थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात फांसी लगने की दो घटनाएं सामने आई हैं। बकतरा गांव में एक 59 वर्षीय ग्रामीण और आमनेर गांव में एक महिला का शव उनके घरों में फंदे से लटका मिला। दोनों घटनाओं से क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम बकतरा निवासी भूषण साहू (59) का शव उनके घर के कमरे में पंखे से स्कार्फ के फंदे पर लटका मिला। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया वहीं ग्राम आमनेर में भगवती कोसले ने अपने घर के रसोईघर में साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने आवाज देने पर कोई जवाब नहीं मिलने पर अंदर जाकर देखा तो वह फंदे पर लटकी मिलीं।

## पेज 11 के शेष ...

### मास्टर प्लान 2031 की जांच ...

में जिन-जिन लोगों की भूमि है, वे लैंड यूज के अनुसार कार्य नहीं कर पा रहे हैं। इन लोगों को अब संशोधित मास्टर प्लान लागू होने का इंतजार है। ***बस्ती को तालाब, कहीं तालाब में बस्ती बसा दी गई :*** मास्टर प्लान 2031 में कई तरह की बड़ी गड़बड़ी पाई गई है। नक्शे में जहां जिस जगह पर तालाब है, वहां बस्ती या खाली भूमि बता दिया गया है, वहीं जहां बस्ती, आबादी बसी हुई उस जगह को तालाब बता दिया है। इसी प्रकार कृषि भूमि को मिश्रित, आवासीय तो आवासीय भूमि को कृषि या मिश्रित बता दिया गया है। ***पुराने सेटेलाइट नक्शा के आधार पर बना मास्टर प्लान :*** मास्टर प्लान वर्ष 2011 के पुराने सेटेलाइट नक्शा के आधार पर बन गया है।

### पश्चिम के बाद दो और जोन ...

गया है। बिलासपुर विशेष शाखा में एसपी के पदस्थ दीपमाला कश्यप को रायपुर उत्तर डीसीपी की जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस कमिश्नर कार्यालय में प्रशिक्षण, डीएसबी, अजाक एवं सीडब्ल्यूसी में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त के चार्ज संभाल रही अर्चना झा को भी पदोन्नत करते हुए उन्हें ट्रैफिक एवं प्रोटोकॉल में डीसीपी की जिम्मेदारी दी गई है। रायपुर पश्चिम के डीसीपी संदीप पटेल की जिस दिन स्थानांतरण आदेश जारी किया गया था, उसी दिन रायपुर पश्चिम के लिए आईपीएस रॉबिंसन गुरिया के नाम की घोषणा कर दी गई थी।

### फैक्ट्री में ब्लास्ट से तीन मजदूरों ...

खड़े करती हैं। इसीलिए, आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो हफ्ते के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट में घायलों की सेहत की स्थिति के साथ-साथ मृतकों के परिजनों और घायलों को दिए गए मुआवजे की जानकारी मांगी है। ***ब्लास्ट की चपेट में आने से इन तीन मजदूरों की हुई थी मौत :*** ब्लास्ट की चपेट में आने से मध्यप्रदेश, डिंडौरी निवासी कमल सिंह, लाल सिंह तथा जांजगीर-चांपा निवासी अरुण पांडे की मौत हुई थी। फैक्ट्री में पिग आयरन (कच्चा लोहा) बनाने का काम होता था, जिससे गाड़ियों के पुर्जे तैयार किए जाते हैं। फर्नेस साइड में ऑक्सीजन सिलेंडर का नोजल बदलने के दौरान ब्लास्ट हुआ था।

### गिरिजा इंडेन गैस एजेंसी का...

की जा रही थी, जिससे एजेंसी के उपभोक्ता परेशान थे। यहीं नहीं, उपभोक्ता जब सिलेंडर की डिलीवरी से संबंधित जानकारी मांगते, तो उनके साथ दुर्व्यवहार भी किया जाता। इसे लेकर कई उपभोक्ताओं ने खाद्य विभाग में शिकायत की थी। ***शिकायतों के आधार पर कार्रवाई :*** शिकायतों के आधार पर कार्रवाई की गई है। विभाग ने इंडियन ऑयल कंपनी को प्रस्ताव भेजा था, जिस पर कार्रवाई कर एजेंसी का लाइसेंस निलंबित किया है।

*- भूपेंद्र मिश्रा, खाद्य नियंत्रक रायपुर*

### गुमशुदा



श्रीमती किरण शिंदे

**श्रीमती किरण शिंदे** उम्र 37 वर्ष, पता-पियुष कालोनी अमलीडीह रायपुर (छ.ग.), थाना न्यू राजेन्द्र नगर से दिनांक 07/07/2026 सुबह 8.26 को घर से निकली है, अभी तक नहीं आई है, जो मानसिक रोग से पीड़ित है। 15 दिन पहले धनवन्तरी हास्पिटल में भर्ती थी। घर आई 6 दिन थी, फिर चली गयी। व्यवहार नार्मल है। रंग-गोरी, लंबाई-5.3', गाउन पहनकर निकली है। हिंदी-छत्तीसगढ़ी बोलती है। कृपया कहीं मिले या दिखे तो नीचे दिए मो.नं. पर संपर्क करें। पता बताने वालों को उचित ईनाम दिया जाएगा।

**सोनू शिंदे, मो. 9827496530**
**थाना- 9479191046, 07714247126**

### ईश्तहार

**क्रमांक/653/नामां./न.पं./2026-27**
**चंदखुरी, दिनांक 01/07/2026**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं संबंधितों को सूचित किया जाता है कि, नीचे निर्दिष्ट कॉलम (2) में दर्शित आवेदिका से छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अंतर्गत कॉलम (3) मे विनिर्दिष्ट परिसंपत्ति को नगर पंचायत चंदखुरी के कर मांग पंजी मे अपने नाम पर नामान्तरण किए जाने इस कार्यालय को निर्धारित प्रारूप मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है, और उक्त परिसंपत्ति अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में नामान्तरण हेतु विचाराधीन है

**क्र. -1, आवेदक का नाम-** श्री देवकुमार धीवर पिता/पति बुधराम धीवर नगर चंदखुरी (छ.ग.) **आवेदक/हस्ताक्षरकर्ता का नाम/पिता/पति का नाम पता-** श्रीमती उषा धीवर पति स्व. बुधराम धीवर नगर चंदखुरी रायपुर, **नामांतरण हेतु प्रस्तावित भूमि/भवन का वार्ड क्र. एवं लैंडमार्क-** वार्ड क्र. 04 अनंतराम बछिहा वार्ड नगर पंचायत चंदखुरी, **भूमि/भवन खसरा नं. -** खसरा नं. 883 का भाग, **रकबा-** 519 वर्गफीट, **नामांतरण का साधन/आधार/रिमार्क-** बंटवारानामा/आपसी सहमति पत्र।

अतः ऊपर उल्लेखित परिसंपत्ति के नामान्तरण किये जाने से किसी व्यक्ति / वारिसान या अन्य को आपत्ति होतो वें अपना दावा-आपत्ति तथ्यात्मक कारणों तथा उससे संबंधित प्रमाणिक अभिलेखों सहित ईश्तहार प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय मे उपस्थित होकर कर सकते है ।

नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति अथवा दावामान्य नही होगा तथा यह मानकर कि उक्त परिसंपत्ति निर्विवाद है, प्रकरण पर नामान्तरण की एक तरफा कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी ।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत चंदखुरी, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

### ईश्तहार

**क्रमांक/661/नामां./न.पं./2026-27**
**चंदखुरी, दिनांक 01/07/2026**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं संबंधितों को सूचित किया जाता है कि, नीचे निर्दिष्ट कॉलम (2) में दर्शित आवेदिका से छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अंतर्गत कॉलम (3) मे विनिर्दिष्ट परिसंपत्ति को नगर पंचायत चंदखुरी के कर मांग पंजी मे अपने नाम पर नामान्तरण किए जाने इस कार्यालय को निर्धारित प्रारूप मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है, और उक्त परिसंपत्ति अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में नामान्तरण हेतु विचाराधीन है

**क्र. -1, आवेदक का नाम-** श्री प्रदीप कुमार धीवर पिता/पति बुधराम धीवर नगर चंदखुरी (छ.ग.) **आवेदक/हस्ताक्षरकर्ता का नाम/पिता/पति का नाम पता-** श्रीमती ऊषा धीवर पति स्व. बुधराम धीवर नगर चंदखुरी रायपुर **नामांतरण हेतु प्रस्तावित भूमि/भवन का वार्ड क्र. एवं लैंडमार्क-** वार्ड क्र. 04 अनंतराम बछिहा वार्ड नगर पंचायत चंदखुरी **भूमि/भवन खसरा नं. -** खसरा नं. 883 का भाग **रकबा-** 519 वर्ग फीट **नामांतरण का साधन/आधार/रिमार्क-** बंटवारानामा / आपसी सहमति पत्र

अतः ऊपर उल्लेखित परिसंपत्ति के नामान्तरण किये जाने से किसी व्यक्ति / वारिसान या अन्य को आपत्ति होतो वें अपना दावा-आपत्ति तथ्यात्मक कारणों तथा उससे संबंधित प्रमाणिक अभिलेखों सहित ईश्तहार प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय मे उपस्थित होकर कर सकते है ।

नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति अथवा दावामान्य नही होगा तथा यह मानकर कि उक्त परिसंपत्ति निर्विवाद है, प्रकरण पर नामान्तरण की एक तरफा कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी ।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत चंदखुरी, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

### ईश्तहार

**क्रमांक/681/नामां./न.पं./2026-27**
**चंदखुरी, दिनांक 01/07/2026**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं संबंधितों को सूचित किया जाता है कि, नीचे निर्दिष्ट कॉलम (2) में दर्शित आवेदिका से छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अंतर्गत कॉलम (3) मे विनिर्दिष्ट परिसंपत्ति को नगर पंचायत चंदखुरी के कर मांग पंजी मे अपने नाम पर नामान्तरण किए जाने इस कार्यालय को निर्धारित प्रारूप मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है, और उक्त परिसंपत्ति अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में नामान्तरण हेतु विचाराधीन है

**क्र. -1, आवेदक का नाम-** श्री विक्रम धीवर पिता दुकालूराम धीवर नगर चंदखुरी (छ.ग.) **आवेदक/हस्ताक्षरकर्ता का नाम/पिता/पति का नाम पता-** श्रीमती सुकवारो धीवर पति स्व. बैशाखूराम धीवर नगर चंदखुरी रायपुर **नामांतरण हेतु प्रस्तावित भूमि/भवन का वार्ड क्र. एवं लैंडमार्क-** वार्ड क्र. 04 अनंत राम बर्छिहा नगर पंचायत चंदखुरी **भूमि/भवन खसरा नं. -** खसरा नं. 883 का भाग **रकबा-** 544 वर्ग फीट **नामांतरण का साधन/आधार/रिमार्क-** बंटवारानामा/आपसी सहमति पत्र।

अतः ऊपर उल्लेखित परिसंपत्ति के नामान्तरण किये जाने से किसी व्यक्ति / वारिसान या अन्य को आपत्ति होतो वें अपना दावा-आपत्ति तथ्यात्मक कारणों तथा उससे संबंधित प्रमाणिक अभिलेखों सहित ईश्तहार प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय मे उपस्थित होकर कर सकते है ।

नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति अथवा दावामान्य नही होगा तथा यह मानकर कि उक्त परिसंपत्ति निर्विवाद है, प्रकरण पर नामान्तरण की एक तरफा कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी ।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत चंदखुरी, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

### -:: गुमा ::-

जशपुर जिला में फोटो कॉपी सेन्टर में A.N.M रजिस्ट्रेशन (Registration) पंजीयन प्रमाण पत्र कहीं गुम हो गया जो काफी खोजबीन करने के पश्चात भी प्राप्त नही हुआ जिसकी तलाश यातायात जशपुर थाना में F.I.R. किया गया है। जिस किसी सज्जन को प्राप्त हुआ हो कृपया निम्न मोबाईल नम्बर पर खबर करें।

पता- ऐच्छिक लकडा, पिता स्व. गोस्नर लकडा, ग्राम हर्राकोना, त. जशपुर जिला जशपुर नगर (छ.ग.)

**मो.नं.- 9340434887**

### // आम सूचना //

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार - कपिल गुप्ता पिता श्री नन्दकिशोर गुप्ता निवासी - आर.डी.ए. के सामने, बोरियाखुर्द रायपुर - तहसील व जिला - रायपुर छ.ग के द्वारा विक्रेता प्रदीप परगनिया पिता- श्री पवन परगनिया निवासी- गोटियापारा, तारामिल, लेजवारा बेरला बेमेतरा छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जिसका खसरा नं. - 418/3 का रकबा - 7000 वर्गफुट भूमि है, जो कि ग्राम - बोरियाखुर्द नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत प.ह.नं.- 71, रा.नि.मं. - रायपुर - 14, तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि को क्रय किये जाने हेतु विक्रय इकरारनामा का निष्पादन कर अग्रिम ब्याना राशि विक्रेता को प्रदान किया जा चुका है, विक्रय विलेख का पंजीयन किया जाना शेष है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय अर्धशासकीय, शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि / संपत्ति के स्वत्व एवं आधिपत्य के अंतरण में या अन्य किसी भी प्रकार की कोई भी ऊजर या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करे। बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नही होगा व अवैध व शून्य माना जावेगा। म्याद अवधि के पश्चात मेरा पक्षकार पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगा। सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.) दिनांकः-13/07/2026

**भवदीय**
**मुकेश साहू, खुमेन्द्र साहू, अजीत सिंह**
**( अधिवक्तागण )**
**पुराना धमतरी रोड़ मोती नगर, बोरियाखुर्द, पो. सुंदर नगर, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. नं. - 98271-91198, 98271-16487, 93002-96804**

### // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1398 दिनांक 07.03.2024 के द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29, में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक-एच.आई.जी फ्लैट-50/103 को श्रीमति शाहीन बारी पति श्री रियाजुल बारी, के नाम पर नामांतरण (मृत्यु उपरांत) किया गया है। वर्तमान में श्रीमति शाहीन बारी पति श्री रियाजुल बारी, निवासीः- 104, ब्लॉक सी फर्स्ट फ्लोर, मैग्नेटो सिग्नेचर होम्स नियर, मैग्नेटो माल रायपुर जिला- रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त प्रकोष्ठ भवन को क्रेता **श्रीमति तरुणा अग्रवाल पति श्री राजेश अग्रवाल** निवासीः- पीएए/78, नेयर बैंक ऑफ इंडिया के पास सेक्टर-27, नवा रायपुर अटल नगर, तहसील मंदिर हसौद, जिला- रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29, में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक-एच.आई.जी फ्लैट-50/103, के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-नवा रायपुर अटल नगर**

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

### ईश्तहार

क्रमांक / अ-6/2025-26
ग्राम कोटा 1+2 प.ह.नं. 51,
तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)
रायपुर, दिनांक 10/7/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक विजय कुमार शरणागत पिता स्व. तेजराम शरणागत (पवार) निवासी- प्राथमिक शाला भवन के पास भवानी नगर कोटा रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम कोटा 1+2 प.ह.नं. 51 रा.नि.म. रायपुर 03 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 88/9 का भाग रकबा 850 वर्गफुट भूमि को आवेदक/क्रेता द्वारा अनावेदक/ विक्रेता जितेन्द्र बेसरे पिता नारायण बेसरे निवासी- ओप्पोसिट सिंधी बाड़ा भोईपारा रायपुर द्वारा मुख्त्यार आम मनोज दास डहरिया पिता भागवत डहरिया निवासी- म.नं. 1078 रामदरबार मंदिर के पीछे सतनामीपारा वार्ड नंबर 02 कोटा रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 05/02/2019 को क्रय किया गया। अतः उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 27/7/2026 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/7/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**रायपुर (छ.ग.)**









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### शिवसेना ने अस्मिता की आवाज़ की मजबूत

**रायपुर।** 14 जुलाई 1984 को छत्तीसगढ़ में शिवसेना का गठन किया गया। स्थापना के बाद से ही संगठन लगातार लोगों के अधिकार, सम्मान एवं जनहित के विभिन्न मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाते हुए संघर्ष करता आ रहा है। यह जानकारी सोमवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में शिवसेना के प्रदेश महासचिव रेशम जांगड़े ने दी। 43 साल जनता की सेवा का लेखाजोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की मांग को लेकर हम भोपाल, दिल्ली सहित अनेक स्थानों पर आंदोलन एवं प्रदर्शन आयोजित करते रहे। इसी क्रम में दंतेवाड़ा स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मोर्चा निकाला। इसने छत्तीसगढ़ी अस्मिता एवं स्वाभिमान की आवाज़ को मजबूती प्रदान की।

### हज कमेटी अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को पेश किया आब-ए-जमजम और खजूर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के माध्यम से हज के तहत हजयात्रा पर गए सभी हज यात्रियों की सकुशल वापसी और हजयात्रा के सफलतापूर्वक पूरा होने पर सोमवार को मुख्यमंत्री निवास में छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मिर्जा एजाज़ बेग ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट कर हजयात्रा का तबर्रुक (प्रसाद) पवित्र जल आब-ए-जम जम एवं ख़जूर प्रदान किया। श्री बेग ने हज 2026 हेतु प्रदेश के हज यात्रियों के लिए की गई समुचित व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. श्याम बिहारी जायसवाल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रदेश के हजयात्रियों द्वारा देश एवं प्रदेश की तरक्की और खुशहाली के लिए भी विशेष रूप से दुआएं की गई। उन्होंने बताया कि संपूर्ण हजयात्रा में राज्य के किसी भी हजयात्री को कोई परेशानी नहीं हुई।

### राज्य महिला आयोग की सुनवाई में पीड़िताओं के साथ किया न्याय

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सुनवाई के प्रति प्रदेश की जनता का विश्वास बढ़ा है। इसके पीछे उनकी सुनवाई में दोनों पक्षों को दी गई प्राथमिकता, मामले की गंभीरता को देखते हुए लिए गए निर्णय से महिलाएं न्याय के लिए आयोग में पहुंचती हैं। 6 साल में नखदंत युक्त शेर बनाए गए महिला आयोग को छत्तीसगढ़ में पहचान देने का दायित्व अपने कार्यकाल में बखूबी निभाने का प्रयास किया। इसकी जानकारी साझा करने का अवसर कई कारणों से खास भी है। मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में कुछ इसी तरह से राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा. किरणमयी नायक सोमवार को पत्रकारों से मुखातिब हुईं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में 23 जुलाई 2020 से 22 जुलाई 2023 तक पहला कार्यकाल तीन साल का रहा।

### शेख समी ने दपूमरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का पदभार किया ग्रहण



**रायपुर।** शेख समी उर रहमान ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का पद भार सोमवार को डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव से ग्रहण किया। पूर्व मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव का स्थानांतरण रायपुर रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के पद पर हुआ है। शेख समी उर रहमान 2015 बैच के भारतीय रेलवे यातायात सेवा के अधिकारी हैं। इससे पूर्व पूर्वोत्तर रेलवे के बनारस मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक के पद पर कार्यरत थे। रहमान भारतीय रेलवे परिचालन सेवा (आईआरटीएस) के 2015 बैच के अधिकारी है।

# थोक में बदली गई समय-सारिणी, छात्रों को नहीं मिल सकी जानकारी, रिकॉर्ड 10% अनुपस्थिति

## रविवि की अव्यवस्थाओं का खामियाजा भुगत रहे विद्यार्थी, अब दिलाने होंगे एटीकेटी के पर्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा बार-बार समय-सारिणी बदलने का खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। ताजा मामला 10 जुलाई को आयोजित हुई बीसीए द्वितीय वर्ष के अंतर्गत जीई परीक्षा का है। रविवि द्वारा पहले इस विषय की परीक्षा जून माह में आयोजित की जानी थी, जिसे बाद में बदलकर 10 जुलाई किया गया। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों विशेषकर प्राइवेट स्टूडेंट्स तक परिवर्तन संबंधित यह सूचना पहुंच नहीं सकी। ऐसे में छात्र बदली हुई तिथि में परीक्षा दिलाने ही नहीं पहुंचे। विभिन्न महाविद्यालयों में अनुपस्थित छात्रों का आंकड़ा 5 से 10 प्रतिशत तक रहा है। इन छात्रों को अब पूरक परीक्षा में शामिल होना होगा।

विभिन्न संकाय और उसके अंतर्गत आने वाले विषयों को मिलाकर रविवि ने इस बार थोक में समय-सारिणी में परिवर्तन किया है। विवि प्रबंधन द्वारा सर्वप्रथम जारी समय-सारिणी को ही छात्र अंतिम मानकर तैयारी करने लगते हैं। समय-सारिणी परिवर्तन संबंधित अपडेट नहीं मिलने के चलते वे परीक्षाओं से वंचित हो रहे हैं। समय-सारिणी में सर्वाधिक बदलाव जीई के विषयों में हुए हैं। जीई अर्थात जेनेरिक इलेक्टिव वे विषय होते हैं, जिनका चुनाव छात्र अपने संकाय से बाहर जाकर दूसरे संकायों से चुनते हैं।

### सेमेस्टर परीक्षाएं समाप्त

रविवि की सेमेस्टर परीक्षाएं 10 जुलाई को समाप्त हो गई हैं। सेमेस्टर परीक्षाएं लगभग दो माह तक चलीं। विषयों का उचित रूप से समायोजन नहीं किए जाने के कारण लंबी चली परीक्षाओं को लेकर प्राध्यापकों में भी रोष रहा। दो सेमेस्टर के मध्य छात्रों को अवकाश अब प्रदान नहीं किया सकेगा। सेमेस्टर परीक्षाएं समाप्त होने के साथ ही अगले सेमेस्टर की कक्षाएं प्रारंभ कर दी गई हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद स्नातकोत्तर के साथ-साथ स्नातक परीक्षाएं भी सेमेस्टर आधार पर हो रही हैं। वर्ष में दो बार परीक्षाएं होने के कारण कार्यभार पूर्व की तुलना में बढ़ गया है। उचित समन्वय नहीं होने की स्थिति में अधिक परेशानी महाविद्यालय प्रबंधन व प्राध्यापकों को हो रही है।



### विशेषज्ञों से सहयोग ले रविवि

समय-सारिणी तैयार किए जाने के दौरान यदि विषय विशेषज्ञों से सहयोग लिया जाए तो यह स्थिति निर्मित नहीं होगी। पूर्व में यही व्यवस्था थी। एनईपी के कारण भी चीजें जटिल हुई हैं।

\- **प्रो.देवाशीष मुखर्जी**, प्राचार्य, महंत महाविद्यालय

## आयुक्त ने कहा- शासन स्तर का निर्णय, आदेश का किया जा रहा पालन

# भाजपा पार्षदों ने आयुक्त से यूजर चार्ज बढ़ाने, नई सफाई ठेका प्रक्रिया को लेकर किए सवाल-जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ महापौर मीनल चौबे की मौजूदगी में महात्मा गांधी सदन में निगम आयुक्त से मुलाकात

नगर निगम के भाजपा पार्षदों ने सोमवार को निगम आयुक्त संबित मिश्रा से यूजर चार्ज बढ़ाने, सफाई व्यवस्था के नए टेंडर को लेकर सवाल-जवाब किए। महापौर मीनल चौबे की मौजूदगी मे हुई बैठक में पंडरी के कपड़ा मार्केट में एक बड़े शोरूम संचालक द्वारा नाले पर पाटा बनाकर सफाई बाधित करने के मामले में तोड़फोड़ के आदेश के बाद भी संबंधित निर्माणकर्ता को सात दिन का समय क्यों दिया गया?

यदि उसे समय दिया, तो मेरे संज्ञान में यह बात क्यों नहीं लाई गई? तोड़फोड़ की टाइमिंग को लेकर महापौर मीनल चौबे ने आयुक्त के समक्ष नाराजगी जताई। इस पर आयुक्त ने कहा पंडरी कपड़ा मार्केट के संबंधित दुकान संचालक ने आवेदन देकर स्वतः अवैध पाटा तोड़ने कहा था, इसलिए उसे समय दिया गया। बैठक के दौरान भाजपा पार्षदों ने एमआईसी के संज्ञान में लाए बिना अवैध नल कनेक्शन को वैध करने के लिए दर की घोषणा किए जाने पर नाराजगी जताई। उनका कहना था यहां जानबूझकर एमआईसी की अनदेखी की जा रही है। भाजपा के पार्षदों ने निगम आयुक्त के सामने सफाई व्यवस्था के लिए विधानसभा वार नए टेंडर को लेकर आपत्ति जताई। सूत्रों के मुताबिक इस निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने बैठक में स्पष्ट कहा कि यूजर चार्ज में बढ़ोतरी और सफाई का ठेका विधानसभा वार करने का निर्णय शासन स्तर पर लिया गया है। वे केवल शासन के आदेशों का पालन कर रहे हैं। दरअसल, हाल ही में हुई विशेष सामान्य सभा के दौरान सफाई, पेयजल, जलभराव और अवैध निर्माण को लेकर गांधी सदन मे ज्यादातर पार्षदों ने निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर आयुक्त से लेकर जोन के अधिकारी व कर्मचारियों को निशाने पर लिया। भाजपा,कांग्रेस और निर्दलीय पार्षदों ने सदन में खुलकर यह बात कही कि जन शिकायत के बाद भी निगम व जोन केअधिकारी नव निर्वाचित पार्षदों को नजरअंदाज कर रहे हैं। यूजर चार्ज में एकाएक बढ़ोतरी, अवैध नल कनेक्शन को वैध करने संबंधी शुल्क का मुद्दा भी सुखियों में रहा। सूत्रों के मुताबिक अब सफाई ठेके में पार्षदों की दखल नहीं रहेगी और इसका टेंडर विधानसभा वार किया जा रहा है। राजधानी में यह पहला मौक होगा जब शहर की सफाई का ठेका वार्डवार न होकर विधानसभा वार करने का निर्णय लिया गया है।

### एमआईसी में आ सकता है अवैध नल कनेक्शन का शुल्क संबंधी प्रस्ताव

सूत्रों के मुताबिक निगम आयुक्त के साथ भाजपा पार्षदों की बैठक के बाद यह बात सामने आई कि पार्षदों की जानकारी बिना और एमआईसी में प्रस्ताव लाए बिना शहर में अवैध नल कनेक्शन को वैध करने शुल्क निर्धारण करना एमआईसी को नजरअंदाज करने जैसा है। यूजर चार्ज बढ़ाने का निर्णय भले ह राजपत्र में प्रावधान का हवाला देकर किया गया है, पर नल कनेक्शन नियमित करने के निर्णय से पहले यह प्रस्ताव एमआईसी में लाया जाए। ऐसे में आगामी एमआईसी की बैठक में यह प्रस्ताव चर्चा के लिए लाया जा सकता है। निगम आयुक्त संबित मिश्रा के साथ बैठक में महापौर मीनल चौबे, भाजपा पार्षद दल सचेतक आशु चंद्रवंशी सहित भाजपा के पार्षद बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### आयुक्त के 6 बिंदुओं पर जानकारी का महापौर को इंतजार

विशेष सामान्य सभा के दौरान महापौर मीनल चौबे ने निगम आयुक्त संबित मिश्रा से 6 बिंदुओं पर लिखित में जानकारी मांगी, जिसका जवाब निगम आयुक्त को देना है, महापौर मीनल चौबे को निगम आयुक्त संबित मिश्रा के लिखित में बिंदुवार जवाब का इंतजार है। जिन बिंदुओं पर प्रमुख रूप से जानकारी मांगी है उनमें वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति पहले की तरह पुनः जोनों को सौंपने की प्रक्रिया पर प्लान, पेयजल समस्या और टैंकर प्रबंधन जलभराव पर विस्तृत कार्य योजना संबंधी जानकारी, अवैध निर्माण में तीन नोटिस के बाद कितने प्रकरणों पर कार्रवाई की गई? इसी तरह जोनों के अधिकारी कब-कब जोन में रहते हैं, इसकी समयबद्ध जानकारी जारी करने, जोनों से भेजी गई फाइलें मुख्यालय में क्यों अटक रही है इसका जवाब महापौर मीनल चौबे ने आयुक्त से लिखित में मांगा है।
\

# एक माह पूर्व होगी परीक्षा, इसलिए जुलाई से ही स्कूलों में खेल गतिविधियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ संभाग स्तरीय खेल अपेक्षाकृत पहले, इसलिए जिला स्तर पर प्रतियोगिताएं प्रारंभ

प्रदेशभर के शिक्षा संभागों में खेल गतिविधियां प्रारंभ कर दी गई हैं। जुलाई के प्रथम सप्ताह से ही खेल प्रतियोगिताएं शुरू हो गई हैं। सामान्यतः खेल गतिविधियां अगस्त माह से शुरू होती है। शैक्षणिक सत्र 2027-28 की शुरुआत 16 जून के स्थान पर एक अप्रैल से होगी।मार्च अंत तक परीक्षा कार्य संपन्न कराने तथा अप्रैल माह से नवीन शैक्षणिक प्रारंभ किए जाने संबंधित आदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी किया जा चुका है। ऐसे में परीक्षाओं के साथ-साथ अन्य सभी गतिविधियां भी मार्च अंत तक पूर्ण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रदेश में यह पहली बार है, जब शाला प्रवेशोत्सव के साथ-साथ खेल प्रतियोगिताएं शुरू कर दी गईं। प्रतियोगिताओं के नियम में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। पूर्व की भांति संभाग स्तर से प्रतियोगिता की शुरुआत होगी। इसके विजेता खिलाड़ी छात्रों को क्रमशः आगे चरण में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। राज्य स्तरीय विजेता खिलाड़ी छात्र राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में छग का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### इधर, नुकसान भी

रायपुर जिले के शेड्यूल के मुताबिक 6 जुलाई से खेल प्रतियोगिताएं प्रारंभ हो चुकी हैं। पूरक परीक्षाओं के परिणाम नहीं आने, स्थानांतरण अथवा कई अन्य कारणों से कई छात्र अपेक्षाकृत विलंब से दाखिले लेते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में 16 जून से स्कूल प्रारंभ होने के बाद भी विद्यार्थी जुलाई के दूसरे अथवा तीसरे सप्ताह से आना प्रारंभ करते हैं। नियमित रूप से छात्रों का आना सामान्यतः जुलाई के दूसरे पखवाड़े से ही प्रारंभ हो पाता है। इसलिए जल्द प्रारंभ हुई प्रतियोगिताओं में कई विद्यार्थी हिस्सा ही नहीं ले सके।

### अन्य बोर्ड में भी प्रारंभ

सीबीएसई में भी नए सत्र की शुरुआत एक अप्रैल से ही होती है। कई अन्य बोर्ड में भी इस तरह की ही व्यवस्था है। यहां भी जुलाई में ही खेल प्रतियोगिताएं शुरू कर दी जाती हैं। ऐसे में राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली खेल प्रतियोगिताएं अपेक्षाकृत शीघ्र प्रारंभ होती है। बीते वर्षों में कई बार ऐसी स्थिति निर्मित हुई जब खेल की किसी विधा की राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताएं प्रारंभ होने की तिथि तक राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं ही आयोजित नहीं हो सकी थीं। ऐसे में छग से प्रतिनिधि छात्रों को भेजा ही नहीं जा सका। शीघ्र प्रतियोगिताएं शुरू होने की स्थिति में प्रत्येक खेल में प्रतिभागी भेजे जा सकेंगे।

# गरीबों का घर उजाड़कर आशियाना स्वीकार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ विधायक निवास का घेराव कर रखी अपनी मांगें

नकटी गांव के प्रभावित गरीबों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से आम आदमी पार्टी ने जिले में चरणबद्ध आंदोलन प्रारंभ कर दिया है। इस कड़ी में स्थानीय धरसींवा विधायक अनुज शर्मा के निवास का घेराव किया गया। आप नेताओं ने कहा कि गरीबों के घर उजाड़कर विधायक कॉलोनी का निर्माण किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। जनप्रतिनिधियों का सम्मान जनता के विश्वास से होता है, गरीबों का आशियाना छीनकर नहीं। आम आदमी पार्टी ने कहा कि प्रत्येक प्रभावित परिवार के साथ चट्टान की तरह खड़ी है और जब तक सभी विस्थापित परिवारों को न्याय, सम्मान, पुनर्वास और उनका अधिकार नहीं मिल जाता, तब तक पार्टी लोकतांत्रिक संघर्ष सड़क पर पूरी ताकत के साथ जारी रखेगी।



### सुनिश्चित हो अधिकारों की रक्षा

आम आदमी पार्टी ने मांग करते हुए कहा कि प्रभावित परिवारों का सम्मानजनक पुनर्वास किया जाए।चरागाह भूमि पर प्रस्तावित विधायक कॉलोनी के निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए। गरीब, मजदूर, महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। आम आदमी पार्टी के रायपुर जिलाध्यक्ष नवनीत नन्दे और रायपुर यूथ विंग जिलाध्यक्ष विकास दास मानिकपुरी के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ। इस अवसर पर अजीम खान, इमरान खान, शिव शर्मा, संजय गुप्ता, अनुराधा शुक्ला, सागर क्षीरसागर, मिथलेश साहू सहित आम आदमी पार्टी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जांच के नाम पर सीधे-साधे लोगों को पुलिस कर रही परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ दोस्त को रेलवे स्टेशन से छोड़कर आ रहे युवक को पूरी रात थाने में बैठाया

आपराधिक घटना रोकने पुलिस लगातार जांच करने के साथ संदिग्धों की पड़ताल कर रही है। बावजूद इसके राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र में अपराधिक प्रवृत्ति के लोग अपराध करने के साथ राह चलते लोगों के साथ मारपीट कर रहे हैं। पुलिस उन्हें पकड़ने की जगह आम लोगों को पूछताछ करने के नाम पर पूरी रात थाने में बैठकर प्रताड़ित कर रही है। साथ ही उनका मोबाइल जब्त कर परिजनों से बात करने नहीं दे रही। ऐसा ही एक प्रकरण दो दिन पहले गोलबाजार थाने में देखने को मिला।

पेशे से पत्रकार आरिफ खान ने बताया कि उनका बेटा शनिवार देर रात पुणे से आए अपने दोस्त को रेलवे स्टेशन छोड़ने के लिए गया था। वापसी के दौरान गोलबाजार थाना के सामने दो सिपाहियों ने उसके बेटे को रोक कर किसी तरह की पूछताछ करने के बजाय उसकी गाड़ी की चाबी निकाल कर मोबाइल छीन लिया और पूरी रात थाने में बैठाकर रखा। आरिफ के बेटे ने मौके पर उपस्थित पुलिसकर्मियों को अपने परिजनों से बात कराने की बात कही, तो पुलिकर्मियों ने उसे दूसरे दिन अपने परिजनों से बात करने की बात कह कर डांटकर पूरी रात थाने में बैठाकर रखा। इस दौरान परिजन अपने बेटे को लेकर पूरी रात परेशान होते रहे। पीड़ित के पिता ने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि किसी भी आम शहरी को बेवजह परेशान करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।




# बोरियाखुर्द नहर रोड में निजी भूमि पर अवैध प्लाटिंग, नींव तोड़कर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ जोन 10 कमिश्नरी ने लिया संज्ञान

बोरियाखुर्द नहर रोड में करीब 5 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर नगर निगम जोन 10 अमले ने स्थल पर पहुंचकर निर्मित की गई अवैध मुरुम रोड को जेसीबी मशीन की सहायता से काटकर तत्काल रोक लगाई, साथ ही स्थल पर अवैध नींव को तोड़ा।

निगम आयुक्त के निर्देश पर जोन कमिश्नर मोनेश्वर शर्मा के मार्गदर्शन में कार्यपालन अभियंता गजाराम कंवर, सहायक अभियंता सुशील अहीर,ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा की गई अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई। जोन 10 नगर निवेश विभाग नेतहसील कार्यालय में तहसीलदार रायपुर को पत्र लिखकर संबंधित भूमि के वास्तविक भूमि स्वामी के सम्बन्ध में जानकारी देने पत्र लिखा है।

**पंडरी में नाले पर निर्मित अवैध पाटे तोड़े :** महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर जोन 2 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में पंडरी में हॉटल पुनीत एवं उसके आसपास दुकानों के सामनू नाले अवैध कब्जा कर बनाए गए पाटों निगम अमले ने जेसीबी मशीन से तोड़ा। आधा दर्जन से अधिक अवैध पाटो को जेअभियान चलाकर तोडने एवं सफाई की बाधा हटाने की कार्यवाही नगर निगम जोन 2 नगर निवेश विभाग द्वारा की गई। अवैध पाटों के कारण सफाई पूरी तरह बाधित हो चुकी थी एवं बारिश में जल भराव की समस्या आ रही थी।



### भर्री खार भाठागांव में अवैध रूप से निर्मित 4 दुकानों को किया ध्वस्त

जोन 6 नगर निवेश विभाग की टीम ने डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड के अंतर्गत भर्री खार भाठागांव में अवैध रूप से करीबन 1200 वर्गफीट क्षेत्र में निर्मित 4 अवैध दुकानो को जेसीबी मशीन की सहायता से ध्वस्त कर दिया। नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर जोन 6 जोन कमिश्नरहितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में अवेध दुकानों को तोड़ने अभियान चलाया गया। तोड़फोड़ से पहले संबंधित निर्माणकर्ता दुर्गेश सोनकर को नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत नोटिस भी दिया ।

## बात नहीं बनी तो हड़ताल जैसा कदम उठाने की चेतावनी

# स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्सिंग, आंदोलन की राह पर कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य विभाग में लगातार हो रहे आउटसोर्सिंग के बाद कर्मचारियों में असंतोष पनपने लगा है। स्वास्थ्य कर्मचारी इसे लेकर अब आंदोलन की राह पर जाने की तैयारी में हैं। 22 जुलाई को प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन होगा। इसके बाद भी निजीकरण को रोकने किसी तरह का ठोस पहल नहीं होने पर हड़ताल जैसा कदम उठाया जाएगा।

हाल में जिला अस्पतालों में संचालित हमर लैब की आउटसोर्सिंग की गई है। इससे राज्य के दस हजार से ज्यादा पैथॉलाजिस्ट का भविष्य संकट में आ गया है। इन कर्मचारियों को उनका मूल कार्यों से हटाकर लिपिक सहित अन्य कार्य कराए जा रहे हैं। इसके अलावा हेल्थ सेक्टर के अन्य कार्यों को भी ठेका सिस्टम में चलाने का प्रयास किया जा रहा है। इसे लेकर कर्मचारियों में नाराजगी फैलने लगी है और वे विरोध की तैयारी में जुट गए हैं। सोमवार को छत्तीसगढ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय कार्यालय में प्रांताध्यक्ष अनिल पाण्डेय और संरक्षक ओपी शर्मा की उपस्थिति में महासमिति की बैठक हुई। बैठक में कर्मचारी हित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई तथा सर्वसम्मति से आंदोलन का निर्णय लिया गया। पैथालॉजी और फार्मेसी की आउटसोर्सिंग के अलावा चिकित्सक, नर्स, पैरामेडिकल कोर्स के लिए स्टेट काउंसिल में पंजीयन की अनिवार्यता समाप्त किये जाने से प्रदेश के हेल्थ सेक्टर से जुड़े युवाओं के रोजगार का अवसर कम होगा। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कर्मचरियों, अधिकारियों के हजारों बच्चे चिकित्सक, स्टाफ नर्स, पैरामेडिकल कोर्स कर अपना भविष्य तलाश रहे है। पंजीयन की अनिवार्यता समाप्त किए जाने से स्वास्थ्य विभाग में फर्जी डिग्री डिप्लोमाधारी लोगों की प्रवेश की आशंका बढ़ जाएगी। जिससे स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील प्रोफेशन में गुणवत्तापूर्ण इलाज पर भी सवालिया निशान खड़ा हो जाएगा। जीवनदीप कर्मचारियों के संबंध में एक स्पष्ट नीति निर्धारण करने प्रदेश में स्वास्थ्य आयोग का गठन किये जाने के लिए चरणबद्ध आंदोलन किये जाने के निर्णय लिया गया है। आंदोलन के प्रथम चरण में 22 जुलाई को प्रदेश समस्त जिला मुख्यालय में संघ पदाधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा अपने मांग के समर्थन में नारेबाजी कर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।



online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 14 जुलाई 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




पूरे प्रदेश में मानसून सक्रिय होने के बाद अब पर्यटकों को अब एक बार फिर प्रदेश के वॉटर फॉल की खूबसूरती लुभाने लगी है। बड़ी संख्या में लोग साप्ताहिक छुट्टी मनाने बांध, पहाड़ों व झरनों का रुख कर रहे हैं। यहां की प्रकृति का मनोरम दृश्य और चारों ओर हरियाली लोगों को सुकून दे रही है। इन दिनों बारिश के बाद बार नवापारा, कांकेर, बस्तर, गरियाबंद, कवर्धा समेत सिहावा समेत अन्य जिलों के पर्यटन स्थल गुलजार हो चुके हैं। रोजाना बड़ी संख्या में लोग राजधानी समेत अन्य जिलों से पहुंच रहे हैं।

# बारिश में लुभाने लगी वॉटर फॉल की खूबसूरती, बस्तर गरियाबंद में सर्वाधिक जलप्रपात, इसलिए भीड़ अधिक

## मानसून में प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने बांध, पहाड़ों व झरनों की ओर रुख कर रहे पर्यटक

**रायपुर।** इन दिनों ज्यादातर लोग ऐसे वॉटर फॉल में जाना चाहते हैं, जो रायपुर से 80 से 100 किमी के दायरे में है, ताकि एक दिन में भ्रमण कर लौट सकें। पर्यटन व वन विभाग के मुताबिक, रायपुर से धसकुंड, सिद्धखोल, देवधारा, आमाझरिया, कूटन नाला जलप्रपात, चिंगरापगार समेत घटारानी जतमई और झरझरा वॉटर फॉल में इन दिनों हजारों की संख्या में पर्यटक प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। सभी जलप्रपात राजधानी से 100 किमी से भी कम दूरी पर हैं। पर्यटन विभाग के मुताबिक, प्रदेश में सर्वाधिक वॉटर फॉल कांकेर और बस्तर संभाग में हैं। यहां बारिश में 40 से अधिक छोटे व बड़े वॉटर फॉल देखने को मिल जाते हैं। वर्तमान में गरियाबंद, बलौदाबाजार व कसडोल समेत कवर्धा क्षेत्र में पर्यटक अधिक पहुंच रहे हैं। इस जिलों में 6 से अधिक वॉटर फॉल हैं। रायपुर से दूरी कम होने लोग यहां घूमना पसंद कर रहे हैं।

### छोटे जलप्रपात में भी रोजाना सैकड़ों की भीड़

प्रदेश के बड़े वॉटर फॉल के साथ-साथ छोटे जलप्रपात में भी पर्यटकों की बड़ी संख्या में भीड़ पहुंच रही है। गरियाबंद क्षेत्र के चिंगरा पगार समेत घटारानी इन दिनों में हजारों की संख्या में लोग जलप्रपात का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। इसके अलावा सिरपुर क्षेत्र में धसकुड़ जलप्रपात में 15-20 फीट ऊंचाई से पानी गिरता है, जो सैलानियों को खूब पसंद आ रहा है। कसडोल क्षेत्र में पहाड़ियों के बीच कुटन नाला व सिद्धखोल जलप्रपात में भी रोजाना बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचने लगे हैं। यहां सितंबर महीने तक काफी भीड़ होती है। यहां पानी लगभग 18-20 फीट से नीचे गिरता है।



### ट्रैकिंग का आनंद भी

मैनपुर अंचल में भी जलप्रपातों का सौंदर्य लोगों को आकर्षित कर रहा है। यहां देवधारा और बोतल आकार का वॉटर फॉल देखने दूर- दूर से लोग पहुंच रहे हैं। बारिश के बाद बोतल धारा जलप्रपात को करीब से देखने के लिए लोकल टूरिस्ट गाइड की मदद से पर्यटक ट्रैकिंग का आंनद भी ले रहे हैं। लगभग दो किलोमीटर से बोतल के आकार जलप्रपात को देखा जा सकता है। गाइड भूपेंद्र यादव ने बताया कि लगभग 10 किलोमीटर पैदल दुर्गम पहाड़ी रास्तों को पार कर यहां पहुंचते हैं। बारिश के बाद युवाओं का समूह यहां पहुंचने लगा है। बारिश में ट्रैकिंग यहां आसान नहीं होता है। पैर फिसलने पर पर्टयक घटनाओं के शिकार भी हो सकते हैं।

### अगस्त में शिशुपाल पर्वत व माड़ोसिल्ली की बढ़ेगी खूबसूरती



प्रदेश में कई जगहों पर औसत से कम बारिश होने के कारण भी जलप्रपात में पानी फिलहाल कम है। महासमुंद जिले में स्थित शिशुपाल पर्वत के घोड़ाधार जलप्रपात में अगस्त के बाद पूरे शबाब पर रहेगा। जानकारी के मुताबिक, वर्तमान में जलप्रपात में पानी कम है। तेज बारिश के बाद ही यहां जलप्रपात का मनोरम दृश्य देखने को मिलेगा। इसके अलावा गोमर्डा अभयारण्य के माड़ोसिल्ली जलप्रपात की खूबसूरती भी अगस्त के बाद देखने को मिलेगी। बारिश कम होने से यहां झरने की ऊंचाई कम बताई जा रही है। अगस्त और सितंबर में यहां करीब 60 से 80 फीट की ऊंचाई से पानी गिरता है, जो नीचे आकर अन्य कई छोटे झरने में तब्दील होता है।



### रिसोर्ट में वीकेंड के लिए एडवांस बुकिंग

बारिश में बड़ी संख्या में पर्यटक भ्रमण के लिए निकलते हैं। वर्तमान में बार नवापारा, बस्तर, मैनपाट समेत चिल्फी घाट व कुरदर समेत अन्य हिल स्टेशनों के रिसोर्ट पर्यटकों से गुलजार हो चुके हैं। इन जगहों पर प्रदेश के बड़े वॉटर फॉल जगदलपुर में हैं, इसमें चित्रकोट, तामड़ा घुमर झरना, मेन्द्री घूमड़, चित्रधारा समेत बिजकुडुम व तीरथगढ़ वॉटर फॉल हैं।

मानसून में बस्तर का प्राकृतिक सौंदर्य लोगों को आकर्षित कर रहा है। पर्यटन विभाग के रिसोर्ट में साप्ताहिक छुट्टी के दिनों में एडवांस बुकिंग है। 15 अगस्त के लिए इन क्षेत्रों के 13 रिसोर्ट की बुकिंग फुल बताई जा रही है। रिसोर्ट में पर्यटकों के लिए छत्तीसगढ़ के पारंपरिक नृत्य और संगीत का आयोजन किया जा रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, बीते 4 साल में 81 हजार 957 पर्यटकों ने विभाग के रिसोर्ट में ठहरकर छत्तीसगढ़ की संस्कृति को करीब से देखा है।

## सिटी इवेंट

# समर कैंप में सीखे हुनर से आत्मनिर्भर बन रहीं प्रतिभाएं



**रायपुर।** समर कैंप या स्पेशल क्लासेस के दौरान सीखे हुनर को प्रतिभाएं आत्मनिर्भरता का आधार बना रही हैं। इन प्रतिभाओं में ज्यादातर कॉलेज स्टूडेंट्स व गृहणियां शामिल हैं। इन प्रतिभाओं में से किसी ने अब खुद की आर्ट प्रशिक्षण क्लासेस शुरू की है तो कोई बच्चों व बड़ों को पेंटिंग, ज्वेलरी डिजाइनिंग कार्य सिखा रही हैं। इन क्लासेस से उन्हें अच्छी खासी इनकम हो रही है। इसके अलावा सरकारी व निजी व्यापार मेले और कला प्रदर्शनियों में खुद की कृतियों का स्टॉल लगाकर कमर्शियल सेलिंग व ब्रांडिंग कर रही हैं। कॉलेज स्टूडेंट्स खुद को एक सेल्फ डिपेंडेंट स्टूडेंट्स के रूप में प्रेजेंट कर दूसरे स्टूडेंट्स के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। वहीं महिलाएं घर व सोसायटियों में अपनी पहचान व सम्मान बढ़ा रही हैं। इससे कॉलेज में पढ़ाई के दौरान स्टूडेंट्स का घर से हर महीने पॉकेटमनी लेने का ट्रेंड अब लगभग खत्म हो गया है।

### शुरू की सेहत की पाठशाला क्लासेस

कॉलेज स्टूडेंट्स मासूम लुनिया बताती हैं कि वे समर कैप व विशेष प्रशिक्षण क्लासेस के माध्यम से अपनी प्रतिभाओं को निखारने के बाद अब खुद की एक सेहत की पाठशाला नाम से क्लास चला रहीं हैं, जहां महिलाओं को मेडिसिन फ्री लाइफ कैसे जिएं, उसकी काउंसिलिंग, कथक डांस, योगा, जुंबा क्लासेस कराती हैं। इस क्लासेस से अपनी पढ़ाई व खुद का खर्च निकल जाता है। मेरे मम्मी-पापा बिजनेस करते हैं, इसलिए मुझमें भी बिजनेस स्किल शुरू से है, इस स्किल का उपयोग मैंने सेल्फ डिपेंड बनने में किया।

### पोर्ट्रेट पेंटिंग बनाकर अर्निंग कर रहीं

साइकोलॉजी में पीएचडी कर चुकीं तृप्ति बताती हैं कि बचपन से ही स्कूल समर क्लासेस में स्क्रेच पेंटिंग के प्रशिक्षण से अपनी प्रतिभा को निखारा है और आर्टिस्टिक्स वाइब्स नाम से बच्चों की पेंटिंग क्लासेस शुरू की। इससे मिलने वाले पैसों से सेल्फ डिपेंडेंट बनी हैं और अपनी पीएचडी साइकोलॉजी की पढ़ाई पूरी कर पाई।

### राखी हैंपर्स डिजाइन कर रहीं

रायपुरा की गृहिणी मेनका श्रीवास्तव बताती हैं कि वे दो से तीन साल तक शहर में हर साल गर्मियों में लगने वाले निशुल्क समर क्लासेस में आर्टिफिशियल ज्वेलरी व फ्लॉवर्स ज्वेलरी डिजाइनिंग की कला और होम डेकोशेन में म्यूरल आर्ट का प्रशिक्षण लेने के बाद खुद की आर्ट टीचिंग क्लासेस और ज्वेलरी, राखी हैंपर डिजाइन करने का काम शुरू किया। समर कैंप में प्रशिक्षण से अपनी प्रतिभा को निखारने के बाद अब अर्निंग कर रही है। वे सरकारी व निजी व्यापार मेले, सोसायटियों के कार्यक्रमों में स्टॉल प्रदर्शनी भी लगाती हैं।

# इंटरैक्ट क्लब ने शुरू किया नया अध्याय सदस्यों ने सेवा ही सर्वोपरि का लिया संकल्प

**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलीगेंस द्वारा प्रायोजित इंटरैक्ट क्लब ऑफ रायपुर एलीट का रोटरी वर्ष 2026–27 का स्थापना समारोह उत्साह एवं प्रेरणादायक वातावरण में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भारत डागा, विशिष्ट अतिथि विनय अग्रवाल और विशेष अतिथि डिस्ट्रिक्ट सह-अध्यक्ष, इंटरैक्ट समिति, अस्मित मक्कर ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामना देते हुए उन्हें रोटरी के आदर्श वाक्य "सेवा ही सर्वोपरि" के अनुरूप समाजसेवा, नेतृत्व एवं नैतिक मूल्यों के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। यह समारोह मेंटर रोटेरियन निक्की जैन तथा सह-मेंटर रोटेरियन रुचिका अग्रवाल एवं रोटेरियन शिल्पी अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में हुआ।



### सकारात्मक ऊर्जा के साथ बदलाव की तैयारी

यह समारोह एक नए एवं ऊर्जावान रोटरी वर्ष की शुरुआत का प्रतीक बना। इसमें नव-स्थापित इंटरैक्टर्स ने समाजसेवा, नेतृत्व कौशल के विकास और अपने समुदाय में सकारात्मक एवं स्थायी परिवर्तन लाने का संकल्प भी लिया। समारोह का समापन उत्साह, उमंग और सेवाभावना के संकल्प से हुआ। सभी ने आने वाले वर्ष में अनेक सेवा परियोजनाओं के लिए शुभकामना व्यक्त की। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में धिविज डागा अध्यक्ष, एशले जसवानी उपाध्यक्ष, नीति मुंधड़ा ने सचिव, सौदामिनी तिवारी ने संयुक्त सचिव का दायित्व संभाला। मुदित बड़वानी कोषाध्यक्ष, गर्व शर्मा सार्जेंट-एट-आर्म्स, भाविनी झावर एवं अर्थ पालीवाल को मीडिया निदेशक का दायित्व मिला।




# एनसीसी कैडेट्स ने रैली निकालकर दिया पर्यावरण संरक्षण व नो प्लास्टिक का संदेश

**रायपुर।** विश्व पेपर बैग डे पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। निदेशालय एनसीसी मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़, भोपाल एवं एनसीसी ग्रुप मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार प्रथम घुड़सवार रेजिमेंट एनसीसी अंजोरा के एनसीसी कैडेटों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के दिशा में कार्य करते हुए हेतु नो प्लास्टिक एवं नो पॉलीथीन के थीम पर जन जागरुकता अभियान रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कैडेटों ने आमजनों को प्लास्टिक तथा पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने का संकल्प करवाए गए एवं हमारे द्वारा उपयोग में लाकर फेंके गए पॉलीथिन को जानवरों द्वारा खाने के कारण उन्हें होने वाले गंभीर नुक़सान के बारे में अवगत कराया गया। यह रैली दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय परिसर दुर्ग के रिहायशी क्षेत्र से लेकर अंजोरा के हाईवे में स्थित होटल एवं ढाबा तक किया गया।

## लाइव इवेंट

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सैकड़ों मेधावी यादव छात्र-छात्राओं का सम्मान



**रायपुर।** विश्व उम्मीद दिवस के विशेष अवसर पर शहीद स्मारक भवन में सोमवार को छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ द्वारा मेधावी छात्र सम्मान और करियर मार्गदर्शन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सत्र 2025-26 में दसवीं और बारहवीं कक्षा में आधिकाधिक अंक प्राप्त कर मेरिट में आने वाले लगभग 150 छात्र-छात्रों का सम्मान किया। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य में पदस्थ यादव कुल शिरोमणि वरिष्ठ आईपीएस और आईएएस अधिकारियों ने उत्तीर्ण होने वाले यादव बच्चों को सोशल मीडिया से दूरी बना बगैर भटकाव के लक्ष्य को निर्धारित कर अर्जुन जैसे मछली की आंख रूपी एडमिनिस्ट्रेटिव सिविल सर्विसेज या अन्य सेवा क्षेत्र पर फोकस करने की सलाह दी। इस उपक्रम में अपने प्रथम प्रयास में ऑल इंडिया रैंकिंग 33 हासिल कर चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने वाले दुर्ग निवासी दिव्यांश यादव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कुमारी आस्था यादव तथा डॉक्टर पार्थ यादव की उपलब्धियों पर उनकी सराहना की गई। महासंघ के महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि शोभा यादव, डॉ. केपी यादव, सीए ऋषिकेश यादव, राष्ट्रीय कवि शशिकांत यादव, कमल सिंह यादव, एसडी यादव, अखिल भारतवर्षीय महासभा ने स्वस्फूर्त आगे बढ़कर निर्धन और जरूरतमंद अहीरों के पांच प्रतिभाशाली बच्चों का पथ प्रदर्शक बन उनकी शिक्षा दीक्षा की व्यवस्था करने का संकल्प लिया। वयोवृद्ध सेवानिवृत प्राचार्य भारती बाला यादव एवं संरक्षक राममणि यादव के करकमलों द्वारा मेरिटोरियस स्टूडेंट्स को सर्टिफिकेट, मोमेंटो और स्कूल बैग प्रदान किया गया।

## कार्नर न्यूज

### छठवीं शताब्दी ईसा पूर्व से वर्ष 2026 तक के सिक्कों का अनोखा संग्रह

# 40 वर्षों की साधना से डॉ. ऋषिराज ने संजोया 2600 वर्षों की प्राचीन मुद्राओं का दुर्लभ संग्रह

**रायपुर।** प्राचीन मुद्राएं इतिहास लेखन और पुरातत्व की सबसे प्रामाणिक स्रोत मानी जाती हैं। इन्हीं के माध्यम से तत्कालीन शासकों की उपाधियां, वंशावली, तिथि निर्धारण, राजनीतिक इतिहास, अर्थव्यवस्था, व्यापारिक मार्ग, कला तथा धार्मिक मान्यताओं की जानकारी प्राप्त होती है। भारत में सिक्कों के प्रचलन का इतिहास लगभग 2600 वर्ष पुराना है। शहर के गोविंद सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय में इतिहास के सहायक प्राध्यापक डॉ. ऋषिराज पाण्डेय ने पिछले 40 वर्षों के सतत प्रयास से प्राचीन एवं ऐतिहासिक महत्व की मुद्राओं का संग्रह एवं संरक्षण किया है। उनके संग्रह में छठवीं शताब्दी ईसा पूर्व से लेकर वर्ष 2026 तक के सिक्के शामिल हैं।




### बचपन से था दुर्लभ सिक्कों के संग्रह का शौक

डॉ. पाण्डेय को 12 वर्ष की आयु से ही प्राचीन एवं दुर्लभ सिक्कों के संग्रह का शौक रहा है। इसके लिए उन्होंने भारत के विभिन्न राज्यों का भ्रमण कर ऐतिहासिक महत्व के सिक्कों का संग्रह किया। उनके संग्रह में सोना, चांदी, तांबा, सीसा, पोटिन, कांसा तथा मिश्र धातुओं से बने 600 से अधिक सिक्के शामिल हैं। श्री पाण्डेय ने इतिहास विषय पर आठ पुस्तकों का लेखन भी किया है। उनकी प्रमुख कृतियों में 'सारंगढ़ रियासत', 'दक्षिण कोसल के कलचुरी' तथा 'युग प्रवर्तक पं. सुंदरलाल शर्मा समग्र' शामिल हैं, जिनका प्रकाशन छत्तीसगढ़ राज्य हिंदी ग्रंथ अकादमी द्वारा किया गया है।

### स्वतंत्र भारत के विभिन्न कालखंडों के सिक्के



संग्रह में प्राचीन महाजनपदों, मौर्य, शुंग, सातवाहन, इक्ष्वाकु, इंडो-ग्रीक, शक, कुषाण, गुप्त, मौखरी, प्रतिहार, चालुक्य, चोल, चौहान, गजनवी तथा अन्य अनेक राजवंशों की मुद्राओं के साथ दिल्ली सल्तनत, मुगलकाल, मराठा शासन, ब्रिटिश भारत और स्वतंत्र भारत के विभिन्न कालखंडों के सिक्के भी शामिल हैं। डॉ. पाण्डेय के संग्रह में गणतंत्र भारत के प्रचलित स्मारक सिक्कों के साथ विश्व के लगभग 20 देशों की प्राचीन मुद्राएं भी संरक्षित हैं। इनमें ऑस्ट्रिया, अमेरिका, जापान, जर्मनी, इटली, नेपाल, पाकिस्तान, फ्रांस, स्पेन, इजराइल सहित अनेक देशों की मुद्राएं शामिल हैं।

## सिटी लाइव

# आषाढ़ में महिलाओं ने निकाली वारकरी



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के रोहिणीपुरम महिला केंद्र की सदस्यों ने जुलाई में हुई बैठक में वारी (धार्मिक पदयात्रा) निकाली। इसकी शुरुआत महिलाओं के हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ के साथ हुई। विट्ठल भजनों के साथ बैठक का वातावरण भक्तिमय हो गया। सरप्राइस वारी निकालते हुए महिलाओं ने खूब एंजाय किया। केंद्र की सह संयोजिका चित्रा बल्की ने बताया कि आषाढ़ माह में भगवान विट्ठल की आराधना वारकरी परंपरा का सबसे बड़ा उत्सव है। आषाढ़ शुक्ल एकादशी पर पंढरपुर में लाखों श्रद्धालु वारी करके विट्ठल और रुक्मिणी के दर्शन करते हैं। साथ ही संत ज्ञानेश्वर महाराज व ‘ संत तुकाराम’ के अभंग गाते हैं। बैठक में भी महिलाओं ने अभंग गाया।

### सभी विजेताओं को दिया गया पुरस्कार

इसके अंतिम चरण में महिलाओं ने पूरे जोश के साथ फुगड़ी खेली। महिलाओं के बीच गेम भी खेले गए। इसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। खेल में प्राची जोशी विजेता रहीं। उप विजेता मीना विभूते तो तीसरे स्थान पर राजश्री वैद्य को संतोष करना पडा। बैठक में स्मिता बल्की, शीतल कांबलकर, अनुभा साड़ेगांवकर, जयश्री भूरे, अचला मोहरीकर, संध्या खंगन, श्यामल जोशी, नीता तनखीवाले, विशाखा पोगड़े ने इस उत्सव और इस संदर्भ में रोचक जानकारी साझा की। सुनीता रामटेके, अर्चना कश्यप, अपर्णा वराडपांडे, अंजना एस भाके, सीमा बक्षी सहयोगी रहीं।

## इवेंट लाइव

# प्यार का नगमा प्रोग्राम के लिए वर्किंग कमेटी तय

**रायपुर।** जेसीआई रायपुर नोबल द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित दंपत्ति रिश्तों को सशक्त बनाने वाला विशेष प्रोग्राम प्यार का नगमा आगामी 19 जुलाई को मधुबन फार्म हाउस वीआईपी रोड में आयोजित किया जाएगा। इसके सफल एवं प्रभावी आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वर्किंग कमेटी की एक अहम बैठक की गई। इसमें सभी पहलुओं पर चर्चा करते हुए जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया। आयोजन को उत्कृष्ट बनाने की रणनीति तैयार की गई। इसमें मेंटोर एवं पायलट फैकल्टी राजेश अग्रवाल ने प्रेरणादायी एवं अनुभवपूर्ण मार्गदर्शन से आयोजन समिति का उत्साहवर्धन किया।

### संवाद और आपसी समझ को सुदृढ़ करने पहल

जेसीआई रायपुर नोबल की अध्यक्ष सुलभा पांडे ने बताया कि उन्होंने प्रोग्राम की गुणवत्ता, प्रतिभागियों के अनुभव तथा प्रभावी संचालन से जुड़े सुझाव दिए और टीम को सफलता के लिए प्रेरित किया। प्रोग्राम डायरेक्टर गरिमा गुप्ता, सह-प्रोग्राम डायरेक्टर नंदिनी सोनी एवं उमेश देवांगन सहित नोबल वर्किंग टीम तय की गई। प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए पूर्ण समर्पण एवं टीम भावना के साथ काम करने का संकल्प लिया। दंपत्तियों के बीच प्रेम, विश्वास, संवाद एवं आपसी समझ को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है।

## लाइव इवेंट

# ‘आदर्श मित्रता दिवस’ पर मित्रों का करेंगे सम्मान



**रायपुर।** तीस वर्षों से अधिक समय से मित्रता निभा रहे 10 प्रेरक मित्रों का सम्मान किया जाएगा। उनकी जीवन यात्रा पर विशेष स्मारिका प्रकाशित होगी। समाज में आपसी विश्वास, भाईचारा, सद्भाव और राष्ट्रीय एकता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से मुस्लिम इंटेलेक्चुअल फोरम एवं सर्व आस्था मंच के संयुक्त तत्वावधान में ‘आदर्श मित्रता दिवस’ का आयोजन 2 अगस्त को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक विमतारा हॉल, न्यू शांतिनगर में किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य ऐसे मित्रों को समाज के सामने लाना और सम्मानित करना है। सोमवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता में यह जानकारी शकील अहमद, नजर हसन हसैनी और मनमोहन सिंह सैलानी ने साझा की।

### सामाजिक समरसता की मिसाल कायम की

जिन लोगों ने धर्म, पंथ, जाति, भाषा और समुदाय की भिन्नताओं के बाद भी दशकों तक मित्रता, विश्वास, प्रेम, सम्मान और इंसानियत का रिश्ता निभाकर सामाजिक समरसता की मिसाल कायम की है, ऐसे रिश्ते भारत की साझा सांस्कृतिक विरासत, गंगा-जमुनी तहजीब और विविधता में एकता की भावना को मजबूत करते हैं। प्रोग्राम के लिए रायपुर एवं आसपास के क्षेत्रों से ऐसे दो या तीन मित्रों के समूह आमंत्रित किए जा रहे हैं, जो अलग-अलग धर्म, पंथ या समुदाय से हों। इच्छुक प्रतिभागी अपने नाम, संक्षिप्त परिचय, संपर्क विवरण, अपनी मित्रता की प्रेरक कहानी आयोजन समिति को भेज सकते हैं।

---

स्कूल खुलने के साथ बुक मार्केट में अभिभावकों की बढ़ी धमक, बच्चों की पसंद को दे रहे रिस्पांस

# गिनती और पहाड़ा याद कराने चेस फॉर्मेट में बोर्ड, मैजिक बुक से बच्चों को होगा अक्षर ज्ञान

छोटे बच्चों को गिनती और पहाड़ा याद कराना आसान नहीं होता, लेकिन अब बाजार में चेस बोर्ड फॉर्मेट में अध्ययन सामग्री दुकानदार उपलब्ध करा रहे हैं। इसके अलावा मैजिक बुक से अक्षर ज्ञान का एहसास बच्चों को देने के लिए मार्केट सजकर तैयार है। बेहतर लिखावट के लिए पेंसिल-कटर के साथ कार्टून प्रिंटेड बॉक्स पहली बार स्कूल जाने वाले बच्चों की पसंद को देखते हुए सजाए गए हैं, इसे अभिभावक भी रिस्पांस दे रहे हैं।





**रायपुर।** स्कूल खुलने के बाद से स्टेशनरी बाजार में चाइनीज प्रोडक्ट की धूम है। इसमें पेंसिल, कटर, खिलौने के स्वरूप में मैजिक बुक पर लिखने के लिए पेंसिल की विविध वेरायटी दुकानदार ग्राहकों को उपलब्ध करा रहे हैं। स्टेशनरी वाले भी अच्छी ग्राहकी मिलने से लोगों को अच्छा रिस्पांस दे रहे हैं। डिजाइन की गई स्टेशनरी को अभिभावक भी खरीद रहे हैं, क्योंकि उन्हें कम दाम में बच्चों के लिए बेहतर सामग्री मिल रही है। बाजार में नर्सरी, पहली क्लास में प्रवेश लेने वाले बच्चों को लुभाने वाली सामग्री दुकानों में सजाई गई है। कारोबार से जुड़े लोग इसका फायदा ले रहे हैं। इस बार बच्चों को अक्षर ज्ञान और अभ्यास कराने के लिए मैजिक बुक की मांग है। 200 से 250 रुपए में सेट मिलने से लोग बच्चों के लिए खरीद रहे हैं।

### अक्षर समझाने के लिए प्रैक्टिस बुक

स्टेशनरी एवं बुक विक्रेता परवेज शकील्लुद्दीन और विवेक अग्रवाल ने बताया कि बच्चों को आकर्षित करने वाली सामग्री उनके माता-पिता इसलिए भी खरीद रहे है, ताकि पढ़ाई में उनके बच्चे का मन लगा रहे। मैजिक प्रैक्टिस बुक पहली बार स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए ज्यादा खरीद रहे हैं। इसे बच्चों के माता-पिता क्लास थ्री में पढ़ने वाले बेटे-बेटियों के लिए भी खरीद रहे हैं। इसमें अलग-अलग ड्राइंग के माध्यम से बच्चों को कलर भरते हुए अक्षर ज्ञान कराने के लिए पेंसिल देते हैं, इसलिए रिस्पांस ज्यादा मिल रहा है।



### लेदर बॉक्स में रख सकेंगे पेंसिल

बाजार में चाइना सामग्री अब जोर पकड़ने लगी है। इसे देखते हुए हर स्टेशनरी की दुकान पर इन्हें बेचा जा रहा है। कम दाम में मिलने के कारण पालक भी इन्हें खरीद रहे हैं। इनमें पेंसिल बॉक्स की कई रेंज दुकानों के बाहर सजाई गई हैं। कपड़े, लेदर और फोम से बने ये बॉक्स बच्चों को बहुत पसंद आ रहे हैं। 50 से 250 रुपए की रेंज में कार्टून कैरेक्टर थीम पर तैयार बॉक्स लोग इसलिए खरीदना पसंद कर रहे हैं, क्योंकि इनमें टूट-फूट का खतरा कम है। यदि बच्चे इन्हें गिरा भी दें तो नुकसान नहीं होगा।

### डिजाइनर पेन और पेंसिल की भरमार

दुकान कर्मी ग्राहकों को चाइना सामग्री दिखा रहे हैं। कम दाम में बेहतर क्वालिटी मिलने के कारण लोग विशेष रूप से डिजाइन किए गए पेन और पेंसिल खरीदना पसंद कर रहे हैं। पेंसिल देते हुए दुकानदार उनकी उपयोगिता भी बताते हैं कि नोटबुक में लिखते समय अगर कोई गलती हो जाती है तो उसे मिटाने के लिए पेंसिल और पेन के ऊपरी हिस्से में खास रबर लगे होते हैं। इनसे तुरंत गलती मिटाने और नोटबुक में सुधार करने की सुविधा होने के कारण लोग इन्हें बहुत पसंद कर रहे हैं।

---

# भगवान जगन्नाथ को सात दिन अर्पित किया औषधीय भोग, भक्त कल करेंगे नयन दर्शन



**रायपुर।** ज्येष्ठ पूर्णिमा तिथि पर देव स्नान के बाद भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा अस्वस्थ हुए। इसके बाद वैद्यजी की सलाह पर औषधीय भोग सात दिनों तक लगाने के साथ आने वाले भक्तों को भी काढ़ा श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप देने की परंपरा निभाई गई। भगवान के एकांतवास में जाने के बाद अब बुधवार को नयन दर्शन मिलने वाले हैं। साथ ही रथयात्रा उत्सव में उत्साह का माहौल बनने वाला है। भक्तों को नयन दर्शन का लाभ भी पखवाड़ेभर बाद मिलेगा। इससे होने वाली भीड़ को देखते हुए मंदिरों में पुख्ता इंतजाम किया गया है, क्योंकि नयन दर्शन के अवसर पर जहां भजन संध्या की धूम रहेगी, वहीं गुरुवार को धूमधाम से रथयात्रा निकालने की तैयारी है।

### भजन संध्या के साथ तैयार करेंगे प्रसाद



पं. मोहित पुजारी और पं. संजय जोशी ने बताया कि बुधवार की शाम भजन संध्या का आयोजन इस साल भी किया जाएगा। इसमें स्थानीय भजन मंडलियों द्वारा भावपूर्ण भजनों का गायन करते हुए भगवान द्वारा दिए गए नयन दर्शन को उत्सव का रूप देंगे। रथयात्रा के शुभ अवसर पर भक्तों को दिया जाने प्रसाद भी चना और मूंग से तैयार किया जाता है। इसके लिए बुधवार को रात में ही उसे भिगोया जाएगा। इसे ही रथयात्रा में शामिल होने वाले भक्तों को प्रसाद स्वरूप दिया जाएगा। इससे पहले भगवान के रथ का साज-श्रृंगार पूरा किया गया है।

### काढ़े का भोग, प्रसाद का खास महत्व

सदर बाजार, टूरीहटरी, लिली चौक सहित गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में इस साल भी अनवसर काल और औषधीय भोग का मुख्य विधान किया गया। पं. तिलक दास ने बताया कि जिस प्रकार सांसारिक जीवन में लोगों की तबीयत खराब होने पर उन्हें एकांतवास में रहने की सलाह पुरानी व्यवस्था के तहत दी जाती थी। उस नियम का पालन करने की सिख प्रभु जगन्नाथ देते हैं। महाराज ने बताया कि लगाए जाने वाले काढ़े के भोग को प्रसाद स्वरूप इसलिए दिया जाता है, ताकि लोग स्वस्थ्य एवं निरोगी रहें। महत्व को जानने वाले लोग प्रसाद के लिए आते हैं।

# सामाजिक विकास के साथ स्वरोजगार भी जरूरी, मिलजुलकर लक्ष्य प्राप्त करें

**रायपुर।** साहू जिला संघ व्यापार प्रकोष्ठ का नियुक्ति वितरण और सम्मान समारोह साहू सदन केलाबाड़ी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष दीपक ताराचंद साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहू जिला संघ अध्यक्ष नंदलाल साहू ने की। जिला पंचायत सभापति प्रिया साहू, कार्यकारी अध्यक्ष लखनलाल साहू और प्रदेश साहू संघ सलाहकार रमेश साहू आदि विशेष अतिथि रहे। जिला संयोजक धनंजय लल्लन साहू के नेतृत्व में यह समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि दीपक ने व्यापारियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि संगठन में संगठित होना आवश्यक है। संगठन में ही शक्ति है। उन्होंने सभी व्यापरियों से मिलजुलकर लक्ष्य की ओर बढ़ने की अपील की। साथ ही बिना भेदभाव किए सभी को साथ लेकर आगे बढ़कर समाज को सुदृढ़ करने कहा। वहीं उन्होंने नौकरी तलाशने वाले नहीं, बल्कि युवाओं को व्यापार कर रोजगारदाता बनने प्रेरित किया।



### समाज के उत्कृष्ट व्यक्तित्व को किया सम्मानित

जिला संयोजक धनंजय साहू ने कहा कि साहू समाज की प्रगति और व्यापार को बढ़ावा देना उनका मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने व्यापारियों को एकजुट करने का संकल्प किया। अंत में प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्यों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। वहीं अतिथियों व उत्कृष्ट लोगों का मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। में व्यापार विस्तार और नए व्यापार के अवसरों पर भी चर्चा हुई। इसमें दिनेश, नितेश, कृष्णा, रामखिलावन, यतीश, नितेश, भारती व मंजू साहू भी बतौर अतिथि उपस्थिति रहीं। आयोजन को सफल बनाने में सहसंयोजक विपुल, सचिव रघुवीर साहू, मनोज, बलराम, लवकेश, चुरामन, विनीश, हरीश, काशी, अतुल, राकेश, प्रकाश प्रवीण, प्रकाश साहू आदि का सहयोग रहा। भविष्य में इस प्रकार के आयोजन और भी आयोजित किए जाने का संकल्प भी लिया गया।

---

हर सनातनी को अपने धर्म, संस्कृति और परंपराओं के प्रति सदैव निष्ठावान रहना चाहिए

# विद्यालयों में रामायण, श्रीमद्भागवत और गीता के नैतिक मूल्यों का अध्ययन हो अनिवार्य

कार्नर न्यूज





**रायपुर।** हर सनातनी माता-पिता को अपने बच्चों को सनातन का ज्ञान देना बहुत जरूरी है। हर घर में बच्चों को गीता और रामायण का पाठ पढ़ाया और सिखाया जाए, ताकि उनके जीवन में संस्कार, अनुशासन और सच्चे मूल्यों की नींव मजबूत हो सके। इन पवित्र ग्रंथों के माध्यम से बच्चों को सत्य, धर्म, कर्तव्य, अनुशासन, सम्मान और त्याग जैसे जीवन के महत्वपूर्ण मूल्य सहज रूप से समझ में आते हैं। ये कहना है देवकीनंदन ठाकुर महाराज का, जिन्होंने सोमवार को श्रीमद्भागवत कथा में प्रेरक बातें कही। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में सनातनी बच्चों को रामायण, श्रीमद्भागवत के नैतिक मूल्यों का अध्ययन कराया जाना चाहिए। आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को चरित्र निर्माण, नैतिकता, सत्य, अनुशासन, सेवा और राष्ट्रप्रेम की शिक्षा भी मिलनी चाहिए। रामायण हमें आदर्श जीवन, परिवार और मर्यादा का मार्ग दिखाती है, जबकि श्रीमद्भगवद्गीता हमें कर्तव्य, आत्मविश्वास और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

### संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप कार्य होना चाहिए

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा धर्म परिवर्तन संबंधी कानून लाया गया है, जिसका हम स्वागत करते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने धर्म और संस्कृति के प्रति निष्ठावान रहना चाहिए तथा समाज में पारदर्शिता, सद्भाव और संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप कार्य होना चाहिए। कभी भी धर्म परिवर्तन नहीं करना चाहिए। हर सनातनी को अपने धर्म, संस्कृति और परंपराओं के प्रति सदैव निष्ठावान रहना चाहिए। परिस्थितियाँ कैसी भी हों, अपने धर्म का पालन करते हुए जीवन व्यतीत करना ही हमारे पूर्वजों की परंपरा रही है। अपने धर्म को छोड़ने के बजाय उसके ज्ञान, मूल्यों और आदर्शों को समझकर जीवन में उतारना चाहिए। धर्म हमें सत्य, सेवा, करुणा और सदाचार का मार्ग दिखाता है, इसलिए अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा करना हर सनातनी का कर्तव्य है। कथा संयोजक योगेश अग्रवाल ने बताया कि कथा में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल समेत प्रदेश महामंत्री राजकुमार राठी ने पधारकर व्यासपीठ का आशीर्वाद प्राप्त कर कथा श्रवण का लाभ लिया।

सेहत

## खाली पेट भीगे काले चने खाने से मिलते हैं अचूक फायदे, कर देंगे आपको हैरान



अक्सर घरों में काले चने का इस्तेमाल सब्जी या चाट बनाने के लिए किया जाता है, लेकिन आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान दोनों ही इसे भिगोकर खाने को अधिक फायदेमंद मानते हैं। यदि आप अपने दिन की शुरुआत मुट्ठी भर भीगे हुए काले चनों से करते हैं, तो यह आपके शरीर के लिए किसी 'सुपरफूड' से कम नहीं है। आइए जानते हैं कि खाली पेट इसका सेवन आपकी सेहत की कायाकल्प कैसे कर सकता है।

**वजन घटाने में रामबाण :** बढ़ते वजन से परेशान लोगों के लिए भीगा काला चना एक बेहतरीन विकल्प है। इसमें फाइबर और प्रोटीन की उच्च मात्रा होती है। सुबह इसे खाने से पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है, जिससे आप 'ओवरईटिंग' और अनहेल्दी स्नैक्स से बच जाते हैं। यह न केवल मेटाबॉलिज्म को तेज करता है बल्कि शरीर के जिद्दी फैट को कम करने में भी सहायक है।

**आंखों की रोशनी बढ़ाए :** आज के डिजिटल युग में आंखों की देखभाल बहुत जरूरी है। काले चने में मौजूद विटामिन्स और एंटीऑक्सीडेंट आंखों की कोशिकाओं की रक्षा करते हैं। नियमित सेवन से आंखों की कार्यक्षमता बढ़ती है और बढ़ती उम्र में होने वाली दृष्टि संबंधी समस्याओं का खतरा कम होता है।

**एनीमिया और कमजोरी से राहत :** भारत में महिलाओं और बच्चों में खून की कमी (एनीमिया) एक आम समस्या है। काला चना आयरन का प्राकृतिक और समृद्ध स्रोत है। इसे रोजाना खाने से शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ता है, जिससे बार-बार होने वाली थकान, कमजोरी और चक्कर आने जैसी समस्याओं से स्थाई राहत मिलती है।

**शुगर कंट्रोल करने में मददगार :** डायबिटीज के मरीजों के लिए काला चना किसी औषधि से कम नहीं है। इसमें मौजूद जटिल कार्बोहाइड्रेट और फाइबर रक्त में शुगर के अवशोषण को धीमा कर देते हैं। सुबह खाली पेट भीगे चने या इसके पानी का सेवन करने से इंसुलिन की संवेदनशीलता सुधरती है और ब्लड शुगर लेवल स्थिर रहता है।

**पाचन और कोलेस्ट्रॉल में सुधार :** भीगे चने घुलनशील फाइबर से भरपूर होते हैं, जो पाचन तंत्र को साफ रखने और कब्ज की समस्या को दूर करने में मदद करते हैं। साथ ही, यह रक्त में खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम कर दिल की सेहत को दुरुस्त रखता है।

## खाली पेट भीगे बादाम खाना वरदान से कम नहीं, मिलते हैं सेहत को जबरदस्त फायदे



आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में थकान और मानसिक तनाव एक आम समस्या बन गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि दिन की शुरुआत सही पोषण के साथ की जाए, तो शरीर दिनभर ऊर्जामय बना रह सकता है। आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान दोनों ही सुबह खाली पेट भीगे हुए बादाम खाने की सलाह देते हैं।

**पाचन में आसान और बेहतर पोषण :** बादाम को रातभर भिगोकर रखने से उसके छिलके में मौजूद टैनिन निकल जाता है, जिससे पोषक तत्वों का अवशोषण आसान हो जाता है। भीगे हुए बादाम सूखे बादाम की तुलना में पचने में बहुत सरल होते हैं, जिससे गैस और एसिडिटी जैसी समस्याओं में राहत मिलती है।

**मस्तिष्क के लिए 'सुपरफूड' :** बादाम को 'ब्रेन फूड' के नाम से भी जाना जाता है। इसमें मौजूद जरूरी विटामिन्स याददाश्त को तेज करने और दिमागी कार्यक्षमता बढ़ाने में सहायक होते हैं। बच्चों की एकाग्रता और बुजुर्गों में मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए इसका नियमित सेवन बेहद जरूरी है।

**हृदय स्वास्थ्य और कोलेस्ट्रॉल नियंत्रण :** नियमित रूप से बादाम का सेवन शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करता है। यह रक्त संचार को बेहतर बनाता है, जिससे हृदय रोगों का जोखिम काफी हद तक कम हो जाता है। साथ ही, इसमें मौजूद मैग्नीशियम ब्लड शुगर और इंसुलिन की कार्यक्षमता को संतुलित रखने में मददगार है।

**वजन घटाने में सहायक :** यदि आप वजन कम करना चाहते हैं, तो बादाम एक बेहतरीन विकल्प है। इसमें प्रचुर मात्रा में फाइबर और प्रोटीन होता है, जो पेट को लंबे समय तक भरा रखता है। इससे आपको बार-बार भूख नहीं लगती और अनहेल्दी स्नैक्स खाने की इच्छा कम हो जाती है। बादाम में मौजूद विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट त्वचा की चमक बढ़ाते हैं और बढ़ती उम्र के लक्षणों को कम करते हैं। इसके अलावा, कैल्शियम, मैग्नीशियम और फास्फोरस जैसे पोषक तत्व हड्डियों को मजबूती प्रदान करते हैं और बालों के झड़ने की समस्या को कम करने में सहायक होते हैं।

### तापमान में बदलाव होने की वजह से इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है

# मौसम बदलने के साथ आती हैं बीमारियां हेल्दी रहने के लिए बदलें डायट का प्रकार

बारिश के मौसम में बीमारियों का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है। दरअसल, बारिश के मौसम में नमी और जगह-जगह पानी जमा होने से बैक्टीरिया, वायरस और मच्छर बहुत तेजी से पनपते हैं। ऐसे में मच्छरों से होने वाली बीमारियां बढ़ जाती हैं। वहीं तापमान में बदलाव होने की वजह से इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है और ऐसे में बीमारियों का खतरा रहता है। खुद को हेल्दी रखने के लिए डायट में बदलाव करना बहुत जरूरी है।



### रोजाना पानी वाले खाने को खाना बंद करें

गर्मियों के मौसम में पानी वाली चीजें शरीर को ठंडा रखने का काम करती है। लेकिन बारिश के मौसम में आयुर्वेद धीरे-धीरे पानी वाले को छोड़कर पौष्टिक और पके हुए खाने की सलाह देता है।

### बहुत ज्यादा तरबूजा और खरबूजा खाना बंद करें

तेज गर्मी के दिनों में तरबूजा और खरबूजा खाना फायदेमंद होता है। क्योंकि तेज गर्मी के दिनों में ये फल शरीर को ठंडा रखने में मदद करते हैं। हालांकि इन्हें बारिश के दिनों में अवॉइज करना चाहिए। इस मौसम में पाचन नेचुरली कमजोर हो जाती है, इसलिए इसे कम खाना बेहतर है।

### कम खाएं दही

गर्मियों के मौसम में दही खाना हर कोई पसंद करता है। आयुर्वेद के मुताबिक बारिश के मौसम में दही की मात्रा कम करने की सलाह दी जाती है। खासतौर से रात के समय में दही से बचना चाहिए क्योंकि ये पाचन के लिए भारी होता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप इसे रात की जगह दिन में खाएं।

### मिंट और हैवी खाने को कम खाएं

मिंट प्राकृतिक तौर पर ठंडी होती है। इसे ज्यादातर लोग गर्मियों में खाना पसंद करते हैं। जैसे-जैसे मौसम बदलता है वैसे ही आयुर्वेद गर्म जड़ी बूटियों और मसालों को खाने की सलाह देता है।

### फाइन बॉडी के लिए क्या करें

बारिश के मौसम में फ्रेश खाना खाएं, गर्म पानी पिएं, मौसमी सब्जियों को खाएं, खाने में अदरक, जीरा और काली मिर्च को शामिल करें। इसके अलावा हल्का और पौष्टिक खाना खाएं।

### घी ना छोड़ें

घी को ये छोड़कर ना छोड़ें कि गर्मियां खत्म हो गई हैं। मौसम बदलते ही बहुत से लोग इसे अपनी डायट से हटा देते हैं, लेकिन आयुर्वेद इसकी सलाह नहीं देता। थोड़ी मात्रा में इसे खाना फायदेमंद होता है। आयुर्वेद के मुताबिक घी हेल्दी पाचन को सपोर्ट करता है, अगर इसे सही मात्रा में खाया जाए।

## मानसून में मसाला चाय, अदरक की चाय या काढ़ा, क्या है ज्यादा फायदेमंद

मानसून के दौरान चाय का सेवन शरीर को गर्माहट प्रदान कर सकता है, लेकिन इस मौसम में तरह-तरह की चाय बनती हैं। मसाला चाय, अदरक की चाय या फिर काढ़ा, ये सभी चाय अपने-अपने गुणों के लिए मशहूर हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि मानसून के दौरान इनमें से कौन-सी चाय पीनी चाहिए?

**मसाला चाय का सेवन होता है फायदेमंद :** अगर आप मसाला चाय पीने के शौकीन हैं तो इसका सेवन मानसून के दौरान करना लाभकारी है। मसाला चाय में दालचीनी, इलायची, अदरक, लौंग और काली मिर्च जैसे मसाले होते हैं, जो पाचन को सुधारने और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा मसाला चाय में मौजूद दालचीनी रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में भी सहायक हो सकती है।

**अदरक की चाय पीने से कई स्वास्थ्य लाभ :** अदरक की चाय एक पारंपरिक पेय है, जो कई स्वास्थ्य



लाभ प्रदान कर सकती है। अदरक की चाय में सूजन कम करने वाले और शरीर को स्वस्थ रखने वाले गुण होते हैं, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत कर सकते हैं। इसके अलावा अदरक की चाय का सेवन पाचन को सुधारने और सूजन जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में भी सहायक है। इसके फायदे जानकर आप इसे जरूर आजमाना चाहेंगे।

**मानसून के दौरान काढ़ा पीना है अच्छा :** काढ़ा एक पारंपरिक पेय है, जिसमें तुलसी, अदरक, काली मिर्च, हल्दी और अन्य औषधीय जड़ी-बूटियां होती हैं। यह मिश्रण ठंड से लड़ने और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में मदद कर सकता है। अगर आप सर्दी-खांसी या फिर गले में खराश जैसी समस्याओं से परेशान हैं तो काढ़ा आपके लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसके गुणों के कारण यह मानसून में बहुत उपयोगी साबित हो सकता है।

**मानसून के दौरान कौन-सी चाय का सेवन करना है बेहतर :** अब बारी आती है यह उलझन दूर करने की कि मानसून के दौरान इनमें से किस चाय का सेवन करना ज्यादा बेहतर है? इसका जवाब आपके स्वास्थ्य और प्राथमिकताओं पर निर्भर करता है। अगर आप मसालेदार स्वाद की चाय पसंद करते हैं तो मसाला चाय का चयन करें, लेकिन अगर आपको पारंपरिक स्वाद पसंद है तो अदरक की चाय पीएं। वहीं, ठंड से बचने के लिए काढ़ा एक अच्छा विकल्प है।



## हर व्यक्ति को साल में दो बाद जरूर करवाने चाहिए ये हेल्थ टेस्ट

आजकल सेहत को लेकर लोग काफी ज्यादा जागरुक हो चुके हैं। हेल्थ से जुड़ी थोड़ी बहुत परेशानी होते ही लोग ब्लड टेस्ट करवाने लगते हैं। कुछ लोग साल में एक बार फुल बॉडी हेल्थ चेकअप करवाते हैं और कुछ इसमें भी लापरवाही बरतते हैं। ऐसे में यहां हम 7 ऐसे ब्लड चेकअप के बारे में बता रहे हैं जो व्यक्ति को साल में दो बार जरूर करवाने चाहिए।

### सीबीसी

इस टेस्ट में कंपलीट ब्लड काउंट किया जाता है। इसमें एनिमीया, इंफेक्शन और हीमोग्लोबिन जैसी चीजों का पता लगता है।

### लिपिड प्रोफाइल

लिपिड प्रोफाइल टेस्ट में गुड और बैड कोलेस्ट्रॉल का पता चलता है। इससे दिल की बीमारियों के खतरे का पता चलता है।

### थायराइड प्रोफाइल

थायराइड प्रोफाइल में टीएसएच, टी3, टी4 का पता चलता है। जो हार्मोनल बैलेंस का पता लगाते हैं।

### लिवर फंक्शन टेस्ट

एलएफटी यानी लिवर फंक्शन टेस्ट से लिवर हेल्थ का पता चलता है और लिवर फैटी है या नहीं इसका पता चलता है।

### किडनी फंक्शन टेस्ट

किडनी फंक्शन टेस्ट से किडनी हेल्थ का पता लगा सकते हैं। यह टेस्ट मुख्य रूप से सीरम क्रिएटिनिन, ब्लड यूरिया नाइट्रोजन और ग्लोमेरुलर फिल्टरेशन रेट की बताता है।



### विटामिन डी और बी12

थकान, हड्डियों के दर्द या तंत्रिका समस्याओं के कारणों का पता लगाने के लिए विटामिन डी और बी12 का टेस्ट करवाया जाता है।

### ब्लड शुगर टेस्ट

ये टेस्ट खून में ग्लूकोज का लेवल मापने के लिए किया जाता है, जिससे डायबिटीज या प्रीडायबिटीज का पता लगाया जाता है।

## राज्य स्तरीय सुब्रतो फुटबॉल व बॉक्सिंग प्रतियोगिता में बस्तर का शानदार प्रदर्शन

**रायपुर।** राज्य स्तरीय सुब्रतो फुटबॉल एवं बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शनिवार को खेले गए मुकाबलों में फुटबॉल में बस्तर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा कायम रखा, वहीं बॉक्सिंग प्रतियोगिता में दुर्ग और रायपुर के खिलाड़ियों ने प्रभावशाली प्रदर्शन कर विभिन्न भार वर्गों के फाइनल में जगह बनाई। 15 वर्ष आयु वर्ग बॉक्सिंग के सेमीफाइनल मुकाबलों में 30 किग्रा वर्ग में बस्तर के सावन ने रायपुर के टिकेश तथा दुर्ग के नयन ने बिलासपुर के आशीष को पराजित किया। 32 किग्रा में बस्तर की आरना ने बिलासपुर के तबरेज और रायपुर के गौरव ने दुर्ग के देवेंद्र को हराया। 34 किग्रा में बिलासपुर के आरव ने रायपुर के मोहित तथा दुर्ग के गौरव ने बस्तर के निखिल को मात दी। 36 किग्रा में दुर्ग के गौरव, 38 किग्रा में बस्तर के आदित्य, 40 किग्रा में बिलासपुर के दिग्विजय और रायपुर के शीलव्रत, 44 किग्रा में रायपुर के आदित्य तथा 50 किग्रा में बस्तर के तगेश्वर ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।




### रायपुर ने सरगुजा को 6-0 से मात दी

17 वर्ष आयुवर्ग में 46 किग्रा के फाइनल में दुर्ग के नवीन और बिलासपुर के आर्या, 48 किग्रा में बिलासपुर के शेख जिंदान व दुर्ग के आरुष, 50 किग्रा में बिलासपुर के रघुवीर व दुर्ग के सोहन, 52 किग्रा में धीरज और चितेश्वर, 54 किग्रा में बिलासपुर के योगी व बस्तर के धीर तथा 57 किग्रा में बिलासपुर के हर्षित और बस्तर के शिवम ने फाइनल में जगह बनाई। फुटबॉल के 15 वर्ष बालक वर्ग में बस्तर ने सरगुजा को 8-0 तथा बिलासपुर को 5-0 से हराया, जबकि रायपुर ने सरगुजा को 6-0 से मात दी। 17 वर्ष बालक वर्ग में सरगुजा और रायपुर का मुकाबला ड्रॉ रहा। वहीं बस्तर ने बिलासपुर को 7-0 तथा रायपुर ने दुर्ग को 4-0 से पराजित किया। बस्तर के मानु ने 9, शंकर ने 6 और मधु ने 4 गोल किए। 17 वर्ष बालिका वर्ग में सरगुजा ने रायपुर को 1-0 तथा बस्तर ने बिलासपुर को 8-0 से हराया। प्रतियोगिता स्थल पर जिला शिक्षा अधिकारी जीएम सतीश कुमार एवं सहायक खेल अधिकारी छाया प्रकाश राव ने पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया, व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा प्रतियोगिता के सुचारू संचालन के लिए संबंधित समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।












## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ईविल डेड बर्न : पहला हाफ डरावना पर दूसरे हाफ में मेकर्स कर बैठे गलती



हॉरर फिल्में देखते से पहले हम बस यही उम्मीद करते हैं कि फिल्म में ऐसे दृश्य हों जिनको देखकर हमें डर महसूस हो। फिर साथ में एक ऐसी कहानी मिल जाए जिसका कोई मकसद समझ आए तो और भी अच्छा। हालिया रिलीज फिल्म 'ईविल डेड बर्न' आपको यह दोनों ही चीजें थाली में परोसकर देती है पर यह आपको वो खाना खाने नहीं देती। फिल्म में सबकुछ है फिर भी एक जगह आकर इसका स्क्रीनप्ले भटक जाता है और सेकंड हाफ में यह हॉरर से ज्यादा सर्वाइवल फिल्म लगने लगती है। सेबेस्टियन विनचेक ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। फिल्म की शुरुआत अच्छी है और 10 मिनट में ही इसकी कहानी और प्रेजेंटेशन आपको बांधना शुरू कर देते है। पहले हाफ में जब कहानी आगे बढ़ रही होती है तो इसे देखते देखते आपको डर भी महसूस होता है। कई ऐसे दृश्य हैं जो आपको आंखें बंद करने पर भी मजबूर करते हैं।हालांकि, सेकंड हाफ तक आते-आते यह फिल्म कम डरावनी हो जाती है। कलाकारों के साथ-साथ आप भी इंतजार करने लगते हैं कि अब तो बुरी आत्माएं नष्ट हो जाएं। क्लाइमैक्स तब आते-आते यह सर्वाइवल स्टोरी ज्यादा लगने लगती है। बस यही इसकी कमजोरी है। सेबेस्टियन ने जिस डर और माहौल के साथ फिल्म शुरू की थी वो उसे अंत तक नहीं खींच पाते। इसकी बड़ी वजह कहानी भी है, जो सिर्फ एक घर में मौजूद छह लोगों के बीच ही सेट है।

### टॉलीवुड

## ये लड़के कुछ डरावना बना रहे हैं, रश्मिका ने रणबाली को लेकर दी अपडेट



रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'कॉकटेल 2' की सफलता का आनंद ले रही हैं। इस बीच फैंस को एक्ट्रेस की अगली फिल्म 'रणबाली' का बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म में रश्मिका अपने पति व अभिनेता विजय देवरकोंडा के साथ नजर आएंगी। हाल ही में रश्मिका मंदाना ने एक फिल्म से जुड़ी एक क्रिप्टिक पोस्ट से विजय देवरकोंडा के 'रणबाली' अवतार को लेकर नई उत्सुकता जगा दी है। बहुत कम जानकारी देते हुए एक्ट्रेस ने बताया कि टीम जो बना रही है, वह बेहद डरावना है। इससे विजय के ट्रांसफॉर्मेशन और फिल्म को लेकर चर्चा और बढ़ गई है। रश्मिका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'रणबाली' के सेट से विजय देवरकोंडा की एक धुंधली तस्वीर शेयर की। हालांकि, तस्वीर से बहुत कम जानकारी मिली, लेकिन उनके कैप्शन ने सबका ध्यान खींचा। उन्होंने विजय देवरकोंडा और डायरेक्टर राहुल सांकृत्यायन को टैग करते हुए लिखा, 'मुझे नहीं पता कि मैं अभी आप लोगों को यह दिखा सकती हूं या नहीं। उम्मीद है कि वे मुझे इसे हटाने के लिए नहीं कहेंगे, जैसा कि पहले कई बार हुआ है। लेकिन ये लड़के कुछ बहुत डरावना कर रहे हैं और मैं खुद को रोक नहीं पाई। मैं इसे बड़े पर्दे पर देखने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं!' रश्मिका की इस स्टोरी पर पति व फिल्म के एक्टर विजय देवरकोंडा ने तुरंत ही जवाब दिया। रश्मिका की स्टोरी को री-शेयर करते हुए विजय ने प्यार से उन्हें क्यूट कहा और मजाक-मजाक में उनकी बात से असहमति जताई। विजय ने लिखा, 'डरावना नहीं दिव्य।'

### भोजपुरी

## मासूम के साथ काम करेंगी भोजपुरी क्वीन अक्षरा




अक्षरा सिंह भोजपुरी इंडस्ट्री की क्वीन हैं। अभिनय से लेकर सिंगिंग तक, हर क्षेत्र में उनका सिक्का चलता है। अक्षरा अब भोजपुरी सिनेमा से निकलकर दूसरी इंडस्ट्रीज में भी अपनी पहचान बना रही हैं। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' के 'घिस घिस घिस' गाने में वे अक्षय कुमार के साथ नजर आईं। उन्हें श्रद्धा कपूर की 'ईठा' में भी देखा जाएगा। इसके अलावा अब वे हरियाणवी सिंगर के साथ कोलैब करेंगी। भोजपुरी अभिनेत्री ने आज शनिवार को इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने आर्य मासूम शर्मा के साथ अपनी कई तस्वीरें पोस्ट की हैं। तस्वीरों में दोनों हंसते-मुस्कुराते पोज दे रहे हैं। दोनों के बीच शानदार केमिस्ट्री देखी जा सकती है। पोस्ट के साथ अक्षरा सिंह ने कैप्शन लिखा है, 'दो अलग मिट्टी का स्वैग, एक ही वाइब। तैयार हो इस कोलैब के लिए'? अक्षरा सिंह व्हाइट कलर के सूट में नजर आ रही हैं, जिस पर पिंक और ब्लू फ्लॉवर प्रिंट है। वहीं, मासूम शर्मा को डैनिम जींस और टी-शर्ट में देखा जा सकता है। अक्षरा सिंह के इस पोस्ट पर नेटिजंस उत्साह जाहिर कर रहे हैं। यूजर्स लिख रहे हैं- 'अरे वाह, दो फेवरेट सिंगर्स।' वहीं, एक यूजर ने लिखा, 'हम बहुत उत्साहित हैं और शुभकामनाएं भेज रहे हैं।' एक यूजर ने लिखा है, 'जरूर कुछ बवाल आने वाला है। हरियाणवी के साथ अपना भोजपुरी स्वैग देखने को मिलेगा'। बता दें कि आर्य मासूम शर्मा जिन्हें मासूम शर्मा के नाम से जाना जाता है, वे हरियाणा के मशहूर गायक, गीतकार और संगीतकार हैं। 'वेलकम टू द जंगल' के बाद अब अक्षरा सिंह को श्रद्धा कपूर की आगामी फिल्म 'ईठा' में भी देखा जाएगा। हालांकि, अक्षरा ने 'ईठा' में अपने रोल के बारे में ज्यादा जानकारी साझा नहीं की है। मगर, फिल्म का हिस्सा बनने पर वे बेहद उत्साहित हैं। बता दें कि लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित 'ईठा' 28 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में श्रद्धा कपूर के अलावा रणदीप हुड्डा और जीशान अय्यूब भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## लाइफ स्टाइल

## कार्डी बी ने अपने लुक से लूट ली महफिल

अमेरिकी रैपर कार्डी बी ने पेरिस कॉउचर फैशन वीक में अपने लुक, खूबसूरत ड्रेस के जरिए महफिल ही लूट ली। इस शो के लिए कार्डी बी ने राहुल मिश्रा के लेटेस्ट कलेक्शन 'देवी: द इटरनल म्यूज' का एक गाउन पहना था। यह आइवरी कलर का कस्टम कोर्सेट गाउन था। यह खूबसूरत गाउन प्राचीन भारतीय मंदिरों की नक्काशी और मूर्तियों से इंस्पायर था। कार्डी बी ने भी अपने लुक को अलग बनाने के लिए मांग-टीका और बड़े शोल्डर-डस्टर ईयररिंग्स पहने थे।



## सावन में पहनें लेटेस्ट डिजाइन के बिछिया, पैर दिखेंगे बेहद खूबसूरत

शादीशुदा महिलाओं के लिए सावन का महीना और भी खास होता है। इस महीने में महिलाएं सजती-संवरती हैं और सिर से पैर तक गहने पहनती हैं। सुहागिन महिलाओं के लिए कुछ विशेष गहने होते हैं जिनमें से एक है पैरों की उंगलियों में पहने जाने वाली बिछिया। वैसे तो ट्रेडिशनल डिजाइन का बिछिया ज्यादातर सुहागिन महिलाओं के पास होता है लेकिन अगर आप थोड़ा ट्रेंडी स्टाइल पसंद करती हैं और कुछ नया ट्राई करना चाहती है तो इन दिनों बिछिया के कई डिजाइन्स मौजूद हैं। आपको बता दें कि ट्रेडिशनली बिछिया हमेशा चांदी का ही होता है और पैरों के लिए चांदी की ज्वेलरी को शुभ माना जाता है।

### रॉयल लुक के लिए

अगर आप हेवी और रॉयल लुक वाला बिछिया लेना चाहती हैं तो इन्हें आप आसानी से बाजार से खरीद सकती हैं। इसके कई डिजाइन्स आपको मिल जाएंगे। मसलन, कुंदन वर्क, स्टोन स्टडेड आदि। ये दिखने में हर आकार के मिल जाएंगे। आप बड़ा बिछिया भी ले सकती हैं और छोटा भी। ये साड़ी या लहंगे के साथ काफी अच्छे दिखते हैं।



### चेन वाला बिछिया

चेन वाला बिछिया भी इन दिनों काफी ट्रेंडी है। ये सिल्वर के होते हैं और इनमें एक साथ दो या तीन उंगलियों की रिंग्स होती हैं। इन्हें चेन की मदद से जोड़ा जाता है। ये मेहंदी या आलता लगे पैरों पर काफी अच्छे दिखते हैं।

### बोहो लुक बिछिया

बंजारा लुक अगर आपको पसंद है तो आप बोहो डिजाइन वाले बिछिया भी खरीद सकती हैं इन्हें डल फिनिशिंग के साथ बनाया जाता है और इन पर फूल-पत्तियों के डिजाइन्स बने होती है। अगर आप वर्किंग हैं या वेस्टर्न ड्रेस अधिक पहनती हैं तो ये डिजाइन आपको काफी पसंद आएगा। आप इन्हें एथनिक वियर के साथ भी कैरी कर सकती हैं।

### पायल वाली बिछिया

यंग मैरिड महिलाओं में पायल के साथ अटैच बिछिया काफी पॉपुलर है। यही वजह है कि ये आसानी से आपको ऑनलाइन या शॉप में मिल जाएंगे। आप अपने पसंद का लाइट या हेवी डिजाइन चुन सकती हैं। इसे आप एथनिक वियर के साथ पहनें तो और भी खूबसूरत दिखेंगी।

## हरे रंग की साड़ी पहनने से पहले जानें जरूरी स्टाइलिंग टिप्स, लगेंगी खूबसूरत

फैशन





सावन का महीना महिलाओं को काफी पसंद होता है, क्योंकि इस पूरे महीने कई ऐसे त्योहार पड़ते हैं, जिसमें महिलाएं खूब सजती और संवरती हैं। इस साल ये खास महीना 30 जुलाई से शुरू होगा। सावन में हर तरफ हरियाली रहती है, इसी के चलते इस महीने महिलाएं भी हरे रंग के आउटफिट पहनना पसंद करती हैं। यदि आप भी सावन के महीने में हरे रंग की साड़ी पहनने का सोच रही हैं तो कुछ बातों का खास ध्यान रखें। यहां हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देंगे, जिनको फॉलो करने के बाद आप अपने साड़ी लुक्स को और भी ज्यादा खूबसूरत बना सकती हैं।

**स्किन टोन के हिसाब से करें चयन :** सावन के लिए हरे रंग की साड़ी खरीदनी है तो सबसे पहले अपने स्किन टोन के हिसाब से हरे रंग की साड़ी का चयन करें। जैसे की फेयर स्किन टोन के लिए बॉटल ग्रीन या फिर एमरॉल्ड हरा रंग खूब जचता है। वहीं पिस्ता और मिंट हरा रंग डार्क स्किन टोन पर खूब जचता है।

**सही हो ब्लाउज का रंग व फिटिंग :** आज कल मैचिंग के हिसाब से ब्लाउज पहनने का ट्रेंड खत्म हो गया है। जी हां, अब हरे रंग की साड़ी के साथ अलग ब्लाउज पहना जाता है। गुलाबी, पर्पल या पीले रंग का ब्लाउज पहनकर लुक को स्टाइलिश बनाया जा सकता है। अगर साड़ी सिंपल है, तो ब्लाउज में वर्क या हैवी डिजाइन चुनें।

**सही ज्वेलरी का चयन करना जरूरी :** हरा रंग अपने आप ही में काफी चटक होता है। ऐसे में इसके साथ ज्यादा हैवी ज्वेलरी कैरी करने का कोई मतलब नहीं बनता। इसके साथ गोल्ड या कुंदन ज्वेलरी बहुत रॉयल लगती है। अगर पारंपरिक की जगह मॉडर्न टच चाहिए तो सिल्वर ऑक्सिडाइज्ड ज्वेलरी भी बढ़िया विकल्प है।

**बोल्ड मेकअप से रहें दूर :** हरे रंग की साड़ी के साथ ज्यादा मेकअप करने से बचें। इसके लिए आंखों को थोड़ा बोल्ड रखें, लेकिन लिपस्टिक का शेड न्यूड या पीच रखें ताकि पूरा लुक ज़्यादा ओवर न लगे। इसके साथ-साथ ब्राउन या ब्रॉन्ज टोन मेकअप ग्रीन साड़ी के साथ अच्छा लगता है।

**बनाएं ऐसा हेयर स्टाइल, लोग देखते रह जाएं :** बारिश का मौसम है, ऐसे में उमस काफी ज्यादा होती है। इसलिए चाहें तो अपने बालों में मेसी बन बनाएं। मेसी बन देखने में काफी क्यूट लिखता है। इसके साथ-साथ इस बन में गजरा लगाएं, ताकि आपका लुक पारंपरिक दिखे।

**ड्रेपिंग स्टाइल बदल लें :** अपने पारंपरिक साड़ी लुक को कुछ अलग तरह से कैरी करना चाहती हैं तो आप साड़ी को बेल्ट के साथ ड्रेप कर सकती हैं। अगर बेल्ट के साथ नहीं पहननी है तो फ्रंट पल्लू स्टाइल ट्राय कर सकती हैं। ये लुक भी देखने में कमाल का लगेगा।

## सावन में सुहागिन महिलाएं करें विशेष श्रृंगार मिलेगा अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद!

सावन महीने की शुरुआत होने वाली है। ये महीना हिंदू धर्म के लोगों के लिए बेहद पवित्र महीना होता है। सावन के महीने में शादीशुदा महिलाएं पति के प्रेम, सौभाग्य और लंबी उम्र के लिए विशेष तरह का श्रृंगार करती। मान्यता है कि सावन मास में पारंपरिक श्रृंगार करने से मां पार्वती खुश होती है और खुशहाल वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद प्रदान करती है। आइए जानते हैं सावन के महीने में महिलाओं को कौन-से पांच श्रृंगार करने चाहिए?

**हरे रंग की साड़ी पवित्रता का प्रतीक :** श्रावण मास सोमवार व्रत के दौरान शादीशुदा महिलाओं को हरे रंग की साड़ी पहननी चाहिए। हरे रंग की साड़ी पहनने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं। साथ ही मां पार्वती और शिव जी का आशीर्वाद प्राप्त होता है।



### मेहंदी लगाना शुभ

सावन मास में किसी भी उपवास या व्रत के दौरान महिलाओं को हाथों में जरूर मेहंदी लगानी चाहिए। मेंहदी सुहाग का प्रतीक माना जाता है। इसके साथ ही माता पार्वती को भी मेहंदी अर्पण करनी चाहिए। ऐसा करने से पति-पत्नी के रिश्ते में प्यार बढ़ने के साथ मजबूत होता है।

### सावन में हरे रंग की बिंदी का भी महत्व

सावन मास में विवाहित महिलाओं को हरे रंग की बिंदी जरूर लगानी चाहिए। हरा रंग शुभता और सुहाग का प्रतीक होता है। सावन में हरे रंग की बिंदी लगाने से शिवजी सुहाग की रक्षा का आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

## आंखों की देखभाल के लिए आजमाएं घरेलू आई मास्क, बढ़ जाएगी चेहरे की खूबसूरती

आंखें हमारे चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती हैं। हालांकि, धूल-मिट्टी, प्रदूषण और नींद की कमी के कारण आंखों के आसपास काले घेरे और सूजन जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। इनसे राहत पाने के लिए आई मास्क का इस्तेमाल करना लाभदायक है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे आई मास्क बनाने के तरीके बताते हैं, जो घर पर ही बनाकर आसानी से इस्तेमाल किए जा सकते हैं।

**खीरे का आई मास्क :** खीरा आंखों की सूजन और थकान को कम करने में मदद कर सकता है। इसके लिए खीरे के पतले टुकड़े काटकर ठंडा करें, फिर इन्हें अपनी बंद आंखों पर रखें और 10-15 मिनट तक आराम करें। खीरे में मौजूद तत्व त्वचा को ताजगी देते हैं और सूजन को कम करते हैं। इसके नियमित उपयोग से आंखों की थकान और काले घेरे भी कम होते हैं, जिससे आपकी आंखें स्वस्थ और चमकदार दिखती हैं।



**आलू का आई मास्क :** आलू में मौजूद तत्व काले घेरे हटाने में मदद करते हैं। इसके लिए कच्चे आलू को कद्दूकस करके उसका रस निकालें और रूई के टुकड़ों में भिगोकर अपनी बंद आंखों पर रखें। 15 मिनट बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। आलू का नियमित उपयोग करने से काले घेरे धीरे-धीरे कम होने लगते हैं और आपकी आंखें तरोताजा दिखती हैं। यह प्रक्रिया आंखों की थकान को भी कम करती है।

**बादाम का तेल और दूध का आई मास्क :** बादाम का तेल त्वचा की नमी बनाए रखने में मदद करता है। इसके लिए बादाम के तेल में थोड़ा सा दूध मिलाकर एक गाढ़ा मिश्रण तैयार करें। इस मिश्रण को अपनी आंखों के आस-पास हल्के हाथों से लगाएं और रातभर छोड़ दें। सुबह उठकर चेहरे को धो लें। यह उपाय आंखों की नमी बनाए रखने के साथ-साथ त्वचा को मुलायम और चमकदार भी बनाता है।

कार्नर न्यूज

### भरोसेमंद ब्रांड्स के उत्पादों को प्राथमिकता दें

## ऑनलाइन ब्यूटी प्रोडक्ट खरीदते समय रखें कुछ बातों का खास ध्यान, तभी कर पाएंगी सही चयन

आजकल महिलाएं ऑनलाइन सौंदर्य उत्पाद खरीदना पसंद करती हैं क्योंकि इससे उन्हें नई-नई चीजें आजमाने का मौका मिलता है। हालांकि, ऑनलाइन सौंदर्य उत्पाद खरीदते समय कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है ताकि आपको सही और बेहतरीन उत्पाद मिले। इस लेख में हम आपको कुछ अहम टिप्स देंगे, जिनसे आप ऑनलाइन सौंदर्य उत्पाद खरीदते समय सही चयन कर पाएंगी और बिना किसी परेशानी के सुंदरता का आनंद ले सकें।



### ब्रांड की पहचान पर ध्यान दें

जब भी आप ऑनलाइन सौंदर्य उत्पाद खरीदें तो सबसे पहले ब्रांड की पहचान पर ध्यान दें। मशहूर और भरोसेमंद ब्रांड्स के उत्पादों को प्राथमिकता दें क्योंकि वे अक्सर अच्छी गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का पालन करते हैं। इसके अलावा मशहूर ब्रांड्स के बारे में लोगों की समीक्षाएं और रेटिंग्स भी देख लें ताकि आपको पता चले कि उनका उत्पाद कैसा है और क्या वह आपकी जरूरतों को पूरा कर सकता है।

### सामग्री की जांच करें

सौंदर्य उत्पाद खरीदते समय उसकी सामग्री की जांच करना बहुत जरूरी है। हमेशा ऐसे उत्पाद चुनें, जिनमें प्राकृतिक तत्व हों और जो आपकी त्वचा के लिए सुरक्षित हों। रासायनिक युक्त उत्पादों से बचें क्योंकि ये आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा अगर आपको किसी खास सामग्री से एलर्जी है तो उसे भी ध्यान में रखें। प्राकृतिक सामग्री वाले उत्पाद आपकी त्वचा को निखारने और स्वस्थ रखने में मदद करेंगे।

### ग्राहक समीक्षाओं को पढ़ें

ग्राहक समीक्षाएं पढ़ना एक अच्छा तरीका है यह जानने का कि कोई उत्पाद कैसा है। इससे आपको उत्पाद के वास्तविक अनुभवों का पता चलता है और आप सही निर्णय ले सकती हैं। ध्यान दें कि कितने लोग उस उत्पाद को इस्तेमाल कर चुके हैं और उनकी क्या राय है।अगर संभव हो तो अलग-अलग जगहों पर समीक्षाएं पढ़ें ताकि आपको हर तरफ से एक संतुलित विचार मिल सके।



### आकार और मात्रा का चयन सही हो

जब आप कोई सौंदर्य उत्पाद चुनें तो उसके आकार और मात्रा का चयन भी ध्यान से करें। छोटे पैकेट नए प्रयोग करने के लिए अच्छे होते हैं, जबकि बड़े पैकेट तब लेने चाहिए जब आपको पहले ही उस उत्पाद पर विश्वास हो चुका हो। इसके अलावा यह भी देखें कि आपकी जरूरत के हिसाब से कितनी मात्रा आपके लिए ठीक रहेगी, जिससे आप बिना किसी बर्बादी के अपने सौंदर्य उत्पादों का इस्तेमाल कर सकें।

### वापसी नीति जानें

ऑनलाइन सौंदर्य उत्पाद खरीदते समय वापसी नीति जानना बहुत जरूरी होता है। अगर कोई उत्पाद आपकी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता तो उसे वापस करने की सुविधा होनी चाहिए ताकि आपका पैसा बर्बाद न हो। इसके अलावा यह भी देखें कि क्या आपको उत्पाद बदलने या लौटाने पर कोई अतिरिक्त शुल्क तो नहीं देना पड़ेगा।